टीका—गोष्ठांगनमनुसरन् कृष्णस्तव किङ्किण्याः सिञ्जितैरेव मुग्धः अत दृशोर्नृत्यं कटाक्षं परित्यज । न जाने तद्दर्शनृत्यदर्शनेन कृष्णस्य का दशा भविष्यतीति भावः । कलस्य स्वरतो भावेन मिलन्ती माधुरी

यत्र, एवंभूतैर्गीतैः कुरङ्गे विवशतां लब्धे सति कः खलु वागुरां मृग-बन्धनीं तनोति ? ॥४१॥

अनु०—हे भूषितांगि ! गोष्ठांगण में आते हुए श्रीकृष्ण तुम्हारी किंकिणी के मनोहर शब्दों से ही मोहित हो रहे हैं। तुम नयन-नर्त्तन मत करो अर्थात् कटाक्ष निक्षेप से उन्हें और भी अधिक व्याकुल मत बनाओ। हे सखि ! मधुर स्वर विशेष के माधुर्य्य वाले गीतों से मृग के शीघ्र ही वश में हो जाने पर ऐसा कौन होगा जो जाल को फैलाना उचित समझेगा ॥४१॥

◇◇◇◇

यान्त्या लोलोद्भटकलतुलाकोटि-सद्यस्त्वयासौ
लब्धा चन्द्रावलि ! सखि ! कुतः शब्दभेदाख्यविद्या ।
पश्योपेन्द्रः सदनपदवीं वल्लवेन्द्रस्य मुञ्चन्
अन्तर्भिन्नो मुहुरिह यया सम्भ्रमाद्वंभ्रमीति ॥४२॥

टीका—लोलया उद्भटकलयुक्त तुलाकोटि नूपुरो यत्र, तद् यथा स्यात्तथा यान्त्या त्वया कुतः सकाशात् शब्दभेधाख्या विद्या लब्धा शब्द-मात्रेणैव या लक्ष्यं विद्धं करोति सा शब्दभेधविद्या, यया नूपुरशब्दरूप-विद्यया अन्तर्भिन्नः श्रीकृष्णो घूर्णायमानः सन् व्रजेन्द्रस्य सदनं गन्तुं या प्रकृता पदवी तां मुञ्चन् त्यजन् यत्र कुत्रचित् संभ्रमात् वंभ्रमीति पुनः पुनर्भ्रमिं प्राप्नोति ॥४२॥

अनु०—हे सखि चन्द्रावलि ! विलास से अत्यन्त मधुरशब्द करने वाले इस नूपुर को पहिन कर जाने वाली तुमने यह शब्दभेदाख्य-विद्या (शब्द प्रयोग से लक्ष का भेदन करने वाली) कहाँ से सीख ली ? देख ! इस शब्द भेदाख्य-विद्या से हृदय में बिंधे हुए श्री-कृष्ण भ्रमाकान्त से नन्द के गृह मार्ग को छोड़ कर बार बार यहीं गोष्ठ में कातर होकर घूम रहे हैं ॥४२॥

◇◇◇◇

श्वासोत्कम्पं वसति वसते वत्सला द्वारि देवी
वल्लीस्तोमैः क्षणमिह मुखाम्भोजलक्ष्मीं पिधेहि ।
दूराच्चेतोमणिमपहरन्नेष भव्याङ्गि ! दिव्यो
विब्बोकस्ते मुरविजयिनो वर्त्मपाती बभूव ॥४३॥
यष्टिर्भूमौ लुठति तरसा स्रंसते पश्य वंशो
कंसारातेः स्खलनममलं शृङ्गमङ्गीकरोति ।
दूरान्नन्दः कलयति पुरो ह्रेपयामुं न राधे !
वन्दे देवि ! स्थगय चपलापाङ्ग-भङ्गीवितानम् ॥४४॥

टीका—सा देवी यशोदा वसते द्वारि कृष्णदर्शने सोत्कण्ठं यथा स्यात्तथा वसति, अतः मुखाम्भोजशोभां क्षणं पिधेहि यतस्तव विब्बोकः गर्वमानाम्यां इष्टे अनादररूपभावविशेषः दूरादेव मुरविजयिनः श्रीकृष्णस्य चित्तरूपमणिमपहरन् वाटपट इति प्रसिद्धो वर्त्मपाती बभूव ॥४३-४४॥

अनु०—हे भव्यांगि ! प्रेमवती अर्थात् उत्कण्ठिता देवी यशोदा गृह के द्वार पर खड़े हैं। सत्वोद्रेक के कारण उनके श्वास लम्बे तथा शरीर कम्पयुक्त हैं। तुम लतापुंजों में अपने शरीर को छिपा कर मुखकमल की शोभा को क्षण भर के लिए श्रीकृष्ण को मत दिखाओ। दूर से ही चित्त रूप मणि को हरण करने वाला तुम्हारा यह अत्यन्त मनोहर विब्बोकभाव श्रीकृष्ण के लिए बटमार हो रहा है ॥४३॥

अनु०—हे राधे ! देख ! कंसारि श्रीकृष्ण की हस्तयष्टि पृथ्वी पर गिर गई है। बंशी हाथों से छूटती जा रही है। पवित्र सींगा भी स्खलित हो रहा है। नन्द भी दूर से देख रहे हैं। अतः तुम आगे श्रीकृष्ण को इस प्रकार लज्जित मत करो। हे देवि ! तुम्हारी वन्दना करती हूँ, तुम अपांगों की चंचल भंगिमाओं को बन्द कर दो

अर्थात् तुम श्रीकृष्ण पर इस प्रकार चंचल कटाक्षपात मत करो ॥४४॥

तिष्ठन् गोष्ठाङ्गणभुवि मुहु र्लोचनान्तं विधत्ते
जातोत्कण्ठस्तव सखि ! हरिर्देहलीवेदिकायाम् ।
मिथ्यामानोन्नतकवलिते ! किं गवाक्षार्पिताक्षी
स्वान्तं हन्त ग्लपयसि बहिः प्रीणय प्राणनाथम् ॥४५॥

टीका—हे सखि ! तव देहलीवेदिकायां हरिरुत्कण्ठः सन् लोचनान्तं निधत्ते । हे मिथ्यामानस्य उन्नत्या कवलिते ग्रस्ते त्वं गवाक्षार्पिताक्षी सती किं स्वान्तं मनः ग्लपयसि,तस्माद्बहिरागत्य प्राणनाथं सुखय॥४५॥

अनु०—हे सखि ! तुम्हारे दर्शन के लिये अत्यन्त उत्सुक श्रीहरि गोष्ठांगण में खड़े होकर तुम्हारे द्वार की देहली पर बार बार दृष्टि डाल रहे हैं । हे वृथा मानगर्व्विते ! गवाक्ष में अपने नेत्रों को लगा कर तुम व्यर्थ ही अपने मन को क्यों दुःखी कर रही हो । बाहर आकर प्राणवल्लभ को प्रसन्न करो ॥४५॥



पश्य व्रीड़ां सकपटमसौ तन्वती नः पुरस्तात्
द्वारे गौरी न सरति मुहुः शौरिणाकारिताऽपि ।
आकृष्टाया गहनकुहरे वेणुविद्या विनोदैः
जानात्यस्याः पुनरनुपमं विक्रमं कुञ्जवीथी ॥४६॥

टीका—काचित् स्वसख्याः कंचलज्जां अन्यां प्रत्याह-नोऽस्माकं पुरस्ताद् व्रीडां सकपटं तन्वती इयं गौरी शौरिणा नेत्रद्वारा मुहुराकारितापि आहूताऽपि गृहस्य द्वारे न निःसरति किंतु वेणुना आकृष्टाया अस्याः अनुपमं लज्जाविक्रमं कुञ्जवीथी एव जानाति ॥४६॥

अनु०—एक सखी अपनी सखी के विकारों का अन्य से वर्णन कर रही है यथा "हे सखि! देख, यह गौरी बार बार श्रीकृष्ण के द्वारा दृग्भंगिमा से बुलाई जाती हुई भी हम सब के आगे कपट लज्जा को दिखाती हुई द्वार पर नहीं आ रही है, किंतु वंशी की स्वरलहरी से आकृष्ट होकर कानन मध्य में जाने वाली इसके अनुपम पराक्रम (धीरता) को निकुंज श्रेणियाँ बहुत अच्छी तरह जानती हैं" अर्थात् श्रीकृष्ण द्वारा वंशीवादन करने पर यह अपने धैर्य्य को तिलांजलि देकर अवश्य कुंजवीथियों में पहुँच जाती है ॥४६॥

००००

इत्थं साचिस्मितरुचिभृतां यत्र सन्ध्यानुबन्धे
मामुद्दिश्य स्मरपरिमलं बिभ्रतीनामदभ्रम् ।
यौनः पुन्याद्विविधहृदयोल्लासभावानुषङ्गी
लीलाजल्पः कुवलयदृशां प्रेमपूर्णः पुरासीत् ॥४७॥

(द्वादशभिः कुलकम्)

टीका—इत्थं अनेन प्रकारेण वक्रस्मितकान्तिभृतां कुवलयदृशां प्रेमपूर्णः लीलाजल्पः यत्र पुरा आसीत् । अदभ्रं अनल्पं यथा स्यात्तथा स्मरपरिमलं बिभ्रतीनाम् ॥४७॥

अनु०—जहाँ सन्ध्या के समय मुझको लक्ष बनाकर कुटिल मन्द हास्य से कान्ति को धारण करने वाली, उद्दाम काम-सौरभ से युक्त, नीलकमल तुल्य नेत्रों वाली व्रजांगनाओं के हृदय की स्मरपरिमल युक्त विविधभावनाओं को बार बार प्रकट करने वाला इस प्रकार का प्रेमपूर्ण आलाप विलास पहले हुआ करता था ॥४७॥

००००

दामाकृष्टिद्विगुणितकराबद्धविद्योतितानां
घर्म्माम्भोभि र्दरवलयितस्मेरगण्डस्थलानाम् ।
भालोपान्तप्रचलदलकश्रेणिभाजां मदीयै:
कीर्त्तिस्तोमै र्मुखरितमुखाम्भोजलक्ष्मीभराणाम् ॥४८॥
हेलोद्यच्चद्वलयरणितग्रन्थितैर्मन्थनीनां
ध्वानोन्मिश्रै र्मसृणममृणं मथ्नतीनां दधीनि ।
गीतै स्तासां कुवलयदृशां यत्र रात्रे विरामे
प्रेमोत्तानै र्मम समजनि स्वप्नलीलासमाप्ति: ॥४९॥

टीका—यत्र नन्दीश्वरे रात्रे विरामे अर्थात् प्रभाते दधीनि मसृणमसृणं कोमलादपि कोमलं यथा स्यात्तथा मथ्नतीनां कुवलयदृशां प्रेमोत्तानै-गीतै: करणैर्मम स्वप्नलीला समाप्ति जागरणं समजनि इति परश्लोके-नान्वय: । कीदृशीनां मदीयै: कीर्त्तिसमूहैर्मुखरितानि यानि मुखाम्भो-जानि तेषां लक्ष्मीभरो शोभातिशयो यासाम् ॥४८॥

टीका—गीतै: कीदृशै: हेला अनायासचेष्टा तया उद्यच्चता उद्गच्छता वलयशब्देनग्रथितै: ॥४९॥

अनु०—जिस गोकुल में रात्रि समाप्त होने पर मंथन की रस्सी के खींचने से प्रसारित और संकुचित हस्तों से शोभाशाली, पसीने की बूंदों से युक्त प्रफुल्ल गंडस्थलों वाली, ललाट पर फैले हुए चूर्ण कुन्तलों वाली, मेरी कीर्त्तियों के उच्चारण से मुखरित मुखकमल शोभाशाली, धीरे धीरे दही मथने वाली उन नील कमल के समान नेत्रों वाली गोपियों के विलास से हिलते हुए बलयों के रणनशब्द से युक्त तथा मंथनदण्डों के शब्द से मिश्रित प्रेमपूर्ण गीतों से मेरी मधुरनिद्रा टूटा करती थी ॥४८॥४९॥

०००००



निर्माय त्वं वितर फलकं हारि कंसारिमूर्त्या
वारं वारं दिशसि यदि मां माननिर्वाहणाय ।
यत्पश्यन्ती भवनकुहरे रुद्धकर्णान्तराहं
साहङ्कारा प्रियसखि ! सुखं यापयिष्यामि यामम् ॥५०॥

टीका—काचित् यूथेश्वरी मानशिक्षाकारिणीं स्वसखीमाह—हे सुमुखि ! मानकरणाय मां यदि वारं वारं दिशसि कथयसि तदा कृष्णमूर्त्याः फलकं चित्रपटं निर्म्माय मह्यं देहि । यत्फलकं भवनकुहरे स्थित्वा पश्यन्ती अहं वेणुशब्दभयात् रुद्धकर्णा सती मुहूर्त्तं यापयिष्ये किन्तु मुहूर्त्तादूर्द्धं न शक्नोमीति ध्वनिः ॥५०॥

अनु०—कोई यूथेश्वरी मान सिखाने वाली अपनी सखी से कहती है हे सखि ! यदि तुम बार बार मुझे मान का निर्वाह करने के लिए उपदेश देती हो तो चित्रपट पर कृष्ण का सुन्दर चित्र बनाकर मुझे दो । जिस से वियोग में भी मैं उनका दर्शन लाभ कर सकूँ । उसको देखती हुई मैं अपने कानों को बन्द करके मान गर्व्विता होकर गृहमध्य में थोड़ी देर रह सकूँगी । [कानों को बन्द करने का तात्पर्य्य उनकी बंशीध्वनि न सुनने से है, क्योंकि उसके सुनने पर तो मान का गर्व नष्ट हो जाना अवश्यम्भावी है] ॥५०॥

००००

सन्ति स्फीता व्रजयुवतयस्त्वद्विनोदानुकूला
रागिण्यग्रे मम सहचरी न त्वया वर्द्धनीया ।
दृष्ट्वाभ्यर्णे शठकुलगुरुं त्वां कटाद्धूर्द्धचन्द्रान्
भ्रूक्रोदण्डे घटयति जवात् पश्य संरम्भिणीयम् ॥५१॥

टीका—स्फीताः श्रेष्ठाः, किंतु मत्तोग्रे मम सहचरी रागिणी क्रोधवती

पद्ये—अनुरागवती, त्वया न घट्टनीया न चालनीया जवात वेगाद् संरम्भिणी कोपना ॥५१॥

अनु०—वहाँ एक गोपिका ने मुझ से एक दिन कहा था-हे कृष्ण ! तुम्हारे बिनोद के योग्य बहुत सी ब्रजयुवतियाँ हैं, परन्तु अब तुम भविष्य में अनुरागवती मेरी सखी राधिका को कुपित न करना। देखो यह कोपना शठराज तुमको समीप देख कर अपने भ्रू रूपी धनुष पर कटाक्षरूपी अर्द्धचन्द्रनामक बाण चढ़ा रही है ॥५१॥

००००

मा भूयस्त्वं वद रविसुतातीरधूर्त्तस्य वार्त्तां
गन्तव्या मे न खलु तरले ! दूति ! सीमापि तस्य ।
विख्याताहं जगति कठिना यत् पिधत्ते मदङ्गं
रोमाञ्चोऽयं सपदि पवनो हैमनस्तत्र हेतुः ॥५२॥

टीका—श्रीकृष्णप्रसङ्गेन दैवादुद्गतं रोमाञ्चं काचित् मानिनी अवहित्थया संगोपयति। अयं मम रोमाञ्चो मदङ्गं यत् पिधत्ते आच्छादयति तत्र हैमनो हिमसम्बन्धी पवनः हेतुः ॥५२॥

अनु०—प्रसङ्गान्तर में-अनुरागवती वह कोई मानिनी दैवात् उत्थित रोमाञ्चादि विकारों को छिपाती हुई कहती है। हे चपल दूति ! तू यमुना के तीर पर विद्यमान उस धूर्त्त कृष्ण की वार्त्ता फिर न चला कर। मैं उसके नज़दीक भी नहीं फटकुँगी। मैं संसार में कठोर हृदया विख्यात हूँ, मेरे अंगों में इस समय जो रोमाञ्च हो रहा है उसका कारण यह हेमन्त ऋतु का शीतल पवन है [यहाँ गोपी दूती से अपने श्रीकृष्ण प्रेम का गोपन कर रही है] ॥५२॥

००००

क्षामं दूरे वसतु पटिमा चाटुवृन्दे तवायं
राज्यं स्वामिन् ! विरचय मम प्राङ्गणं मा प्रयासीः ।
हन्त क्लान्ता मम सहचरी रात्रिमेकाकिनीयं
नीता कुञ्जे निखिलपशुपीनागरोज्जागरेण ॥५३॥

टीका—ललिता राधिकामानभङ्गार्थमनुनयन्तं श्रीकृष्णं प्रत्याह—हे निखिलपशुपीनागर तव चाटूक्तिसमूहे पटिमा दूरे वसतु ॥५३॥

अनु०—ललिता मानभङ्गार्थ अनुनय कारी श्रीकृष्ण के प्रति कह रही है—हे श्रीकृष्ण ! मनोहारि चाटुवचन समूह में तुम्हारी यह चतुराई दूर रही । आप मेरे आँगन में राजा की भाँति बिराजिए, आप यहाँ से न जाइए । खेद का विषय है कि हे सर्व्वगोपियों के लम्पट ! मेरी इस सखी ने अकेले ही कुञ्ज में समस्त रात्रि जगते जगते ही व्यतीत करदी ॥५३॥

◇◇◇◇

मेदिन्यां ते लुठति दयिता मालती म्लानपुष्पा
तिष्ठन् द्वारे रमणि ! विमनाः खिद्यते पद्मनाभः ।
त्वं चोन्निद्रा क्षपयसि निशां रोदयन्ती वयस्याः
माने कस्ते नवमधुरिमा तन्तु नालोकयामि ॥५४॥

टीका—सखी मानिनीं प्रत्याह—वनमालानिर्म्माणार्थं तव पुष्पचयनाभावात् मालती म्लानपुष्पा सती धरण्यां लुठति । हे रमणि ! वयस्याः सखी रोदयन्ती सती ॥५४॥

अनु०—मान करती हुई राधिका से उनकी सखी कह रही है—"हे सखि ! तुम्हारी प्यारी यह मालती माला म्लान पुष्पों वाली होकर पृथ्वी पर पडी है । हे रमणि ! द्वार पर खड़े हुए विमन श्रीकृष्ण

भी दुखी हो रहे हैं। तुम भी सखियों को रुलाती हुई जगकर ही रात्रि को व्यतीत कर रही हो। इस मान में तुम्हारा कौनसा नया माधुर्य्य है-उसे मैं नहीं देख पा रही हूँ ॥५४॥

००००

मद्वक्त्राम्भोरुहपरिमलोन्मत्तसेवानुबन्धे
पत्युः कृष्णभ्रमर ! कुरुषे किन्तरामन्तरायम् ।
तृष्णाभिस्त्वं यदि कलरुतव्यग्रचित्तस्तदाग्रे
पुष्पैः पाण्डुच्छविभिरविरलैर्याहि पुन्नागकुञ्जम् ॥५५॥

टीका—गुरुजननिकटे वर्त्तमाना काचित् श्रीकृष्णेन ग्रामस्य निकटवर्त्ति-कुञ्जे स्वयं निन्हुत्य प्रेरितां दूतीं अङ्गसुगन्धेन तत्रागतं भ्रमरमुप-दिश्याह—हे कृष्णवर्णभ्रमर पक्षे कृष्णरूपभ्रमर पत्युर्जलाद्युष्णीकरण-रूपसेवानुबन्धे किं अन्तरायं विघ्नं करोषि ? कृष्णपक्षे—हे कलरुतेति मुरल्या कलगानस्य मायं समय इति भावः। तृष्णाभिस्त्वं यदि व्यग्र-चित्तस्तदा हतो दूरवर्त्तिनं पुन्नागकुञ्जं याहि। कुञ्जं कीदृशं अविरलैः पुष्पैः पाण्डुच्छविं श्वेतकान्तिं विशिष्टम् ॥५५॥

अनु०—एक गोपिका कृष्णभ्रमर के व्याज से कृष्ण से कह रही है-"मेरे मुखकमल की सौरभ से उन्मत्त हे कृष्ण भ्रमर (१-काले भौंरे २-कृष्ण) पति की जलादि-उष्णीकरण सेवा में विघ्न क्यों डाल रहे हो। यदि तुम तृष्णा के कारण कलरुत(१-मधुर गुंजार २-बंशी की मधुरध्वनि करने के लिये) के लिए व्याकुलमना हो तो सामने ही घने पुष्पों के कारण पीतवर्ण वाले पुन्नाग के कुञ्ज में चले जाओ। (पति सेवा से निवृत्त होकर मैं भी वहीं आती हूँ) ॥५५॥

००००

अत्रायान्तं चलमपि हरिं लोकयन्ती बलिष्ठां
त्वामालम्ब्य प्रियसखि ! घने नास्मि कुञ्जे निलीना ।
अस्मान्मुग्धे ! हृदयनिहितादद्य पीताम्बराच्चे
शक्तो नान्यः कुचपरिचये मत्पुरो मा व्यथिष्ठाः ॥५६॥

टीका—इतः परं अर्द्धश्लोकं सख्याः अर्द्धं यूथेश्वर्य्याः, हे सखि ! त्वां बलिष्ठामालम्ब्य निविडे कुञ्जे अहं न लीना ॥५६॥

अनु०—सखी के साथ यूथेश्वरी का कथोपकथन यथा—"हे प्रियसखि ! यहाँ आते हुए चंचल हरि को देख कर भी मैं तुम बलिष्ठ का सहारा लेकर निबिड कुंज में लीन नहीं हुई हूँ" । इसके उत्तर मे वह सखी उत्तर देती है कि हे मुग्धे ! अब तो हृदय निहित (१—हृदय मन्दिर में बिराजमान २—हृदय प्रदेश पर स्थित) पीताम्बर (१—कृष्ण २—पीतवस्त्र) को छोड़ कर दूसरा कोई भी तुम्हारे कुच परिचय (१—स्तनसंग २—स्तन ढकने) में समर्थ नहीं है, इस लिये तुम मेरे सामने दुखी न होओ ।" तुम्हारे प्राणेश कृष्ण यदि आए हैं तो मुझे बाधा स्वरूप न समझो और उनके साथ बिहार करो ॥५६॥

◇◇◇◇

मां पुष्पाणामवचयमिषाद् दूरमानीय कुञ्जं
स्मित्वा धूर्त्तः किमितिरभसादुच्चकैर्गायसि त्वम् ।
शंकामन्तर्न रचय मुधा तन्वि ! गीतं तनोमि
स्फीतं वृन्दावनभुवि मुहुः कृष्णसारोत्सवाय ॥५७॥

टीका—सखी प्रत्युत्तरमाह-मुधा व्यर्थं अन्तः शङ्कां मा रचय अहं तु कृष्णसारस्य हरिणस्योत्सवाय गीतं तनोमि, पक्षे कृष्णस्य सारोत्सवाय गीतं तनोमि ॥५७॥

अनु०—एक गोपी कृष्ण से कहती है—"पुष्प चयन के बहाने मुझ को दूर कुंज में लाकर धूर्त्त शिरोमणि तुम अब मुस्कराकर क्यों उल्लास से उच्चस्वर से गान कर रहे हो ?" इस पर कृष्ण उत्तर देते हैं कि "हे कृशांगि ! तुम व्यर्थ ही शंका न करो मैं तो वृन्दावन भूमि में कृष्णसार (१—कृष्णसार मृग २—कृष्ण को सार सर्व्वस्व मानने वाली गोपियाँ) के उल्लास के लिए, बार बार इस प्रकार उच्चस्वर से गान कर रहा हूँ" ॥५७॥

वारं वारं व्रजसि सलिलच्छद्मना पद्मबन्धोः
पुत्रीं ज्ञातस्तव सखि ! रसः पुण्डरीकेक्षणेऽसौ ।
चेतः काम्या भवति विशदा सारसाली न वामे
तेन स्मेरं मुहुरभिलषाम्यच्युतं रक्तपद्मम् ॥५८॥

टीका—पद्मबन्धोः सूर्य्यस्य पुत्रीं यमुनां,पुण्डरीकस्य श्वेतकमलस्य ईक्षणे तव रसो राग इति मया ज्ञातः,पक्षे पुण्डरीकेक्षणे कृष्णे,प्रत्युत्तरमाह-हे वामे विशदा श्वेता सारसाली पद्मश्रेणी मम चेतः काम्या न भवति,तेन हेतुना स्मेरं ईषद्विकसितं अथवाच्युतमच्छिन्नं रक्तवर्णपद्मं मुहुरभिलषामि । पक्षे-विशदा निर्म्मला अथच न वामा प्रसिद्धा रसज्ञा सखी मम चेतः काम्या भवति तेन हेतुना रक्तं पद्मा नाम्नी सखी यत्र एकम्भूतमच्युतं श्रीकृष्णं मुहुरभिलषामि । ५८॥

अनु०—"हे सखि ! तुम बार बार पानी लाने के बहाने यमुना को जाती हो, वस्तुतः इस कार्य्य से पुण्डरीकेक्षण (१—श्वेत कमलों को देखने में २—कमल के समान नेत्रों वाले कृष्ण में) के प्रति तुम्हारा अनुराग मालूम हो गया ।" उसका उत्तर देती हुई प्रथम सखी कहती है कि "मुझे अथवा तुमको विकसित श्वेत-कमल-

श्रेणी अभिलषित नहीं है। मैं तो बार बार स्मेर (१--पूर्णरूप से विकसित,२--मंद मंद मुस्कराते हुए) अच्युत (१--कभी न मूँदने वाले २--जिनका प्रणय कभी मंद नहीं पड़ता अथवा अच्युत कृष्ण स्वरूप) रक्तपद्म (१-रक्तकमल २-जिनके प्रति लक्ष्मी भी किम्बा पद्मा नाम्नी सखी भी अनुरक्त है ऐसे कृष्ण) की ही अभिलाषा करती हूँ" ॥५८॥

◇◇◇◇

पश्याम्यन्तर्विहितवसतिं त्वा मरालाङ्गनानां
अत्र क्षीवे ! स्पृहयसि कथं कृष्णकण्ठग्रहाय ।
साधु ब्रूषे सखि ! मदकलो मां शिखण्डोज्ज्वलोऽयं
कुञ्जे दृष्ट्वा भुजगदमनोद्दामदर्पोऽभ्युपैति ॥५९॥

टीका--मरालांगणानां हंसस्त्रीणां अन्तर्मध्ये कृतवसतिं त्वा त्वां पश्यामि अतः हे क्षीवे मत्ते कथं कृष्णकण्ठस्य मयूरस्य ग्रहणाय स्पृहयसि तथा च हंसमयूरयोरहिनकुलवत्स्वाभाविकविरोधात् कथं विपक्षमध्ये स्थित्वा मयूरग्राहिणि भावः। पक्षे अरालाङ्गनानां कुटिलस्त्रीणां मध्ये कृतवसतिं त्वां पश्यामि। अतः कथं कृष्णकण्ठग्रहणाय स्पृहयसि, हे सखि ! साधु ब्रूषे किं कर्त्तव्यं शिखण्डोज्ज्वलोऽयं मयूरः मां दृष्ट्वा स्वयमेवाभ्युपैति मन्निकटमागच्छति। पक्षे शिखण्डेनोज्वलः श्रीकृष्णः भुजगः कालियस्तस्य दमने उद्दामदर्पो यस्य सः ॥५९॥

अनु०—"हे उन्मत्ते ! मैं तुमको कुटिल नारियों में गिनती हूँ तुम हंसनियों के बीच में विराजमाना हो, किसलिये कृष्ण-कण्ठ अर्थात मयूर का ग्रहणार्थ स्पृहा करती हो। हंस-मयूरों का एकत्र अवस्थान स्वाभाविक विरोध है। पक्षान्तर में-अरालाङ्गना (कुटिल सखियों) के बीच विराजमान तुम क्यों श्रीकृष्ण कंठ की स्पृहा करती हो। अर्थात् तुम यहाँ

कृष्ण के कंठाश्लेष के लिए क्यों इच्छा करती हो।" इसके उत्तर में प्रथम सखी कहती है कि हे सखि! तुम ठीक कहती हो, परन्तु मुझ को देख कर यह मदकल (१-मद के कारण मधुर केका करने वाला २-मादक वंशीरव करने वाला) शिखण्डोज्ज्वल (१-पुच्छों से उज्ज्वल २-मयूरपुच्छ सिर पर धारण करता हुआ) तथा भुजगदमन (१-साँपों का दमन २-कालिय सर्प का दमन) से बहुत अधिक गर्वीला (१-मयूर २-श्रीकृष्ण) इसी कुंज में आ रहा है ॥५६॥

बाले! चन्द्रावलि! नहि बहिर्भूय भूयः प्रदोषे
गेहात् तृष्णावति! कुरु पुरः कृष्णवर्त्मावलोकम्।
सर्वस्यान्तर्जडिमदमने पावके नाद्य लब्धे
मुग्धे! सिद्धिं मम रसवती प्रक्रिया न प्रयाति ॥६०॥

टीका—हे तृष्णावति चन्द्रावलि! गेहात् बहिर्भूय प्रदोषसमये भूयः पुनरपि पुरोऽग्रे कृष्णवर्त्मा वह्निस्तस्यावलोकं नहि कुरु। पक्षे—कृष्णवर्त्मावलोकं, चन्द्रावली आह हे मुग्धे! सर्वस्य वस्तुनः सन्तापनद्वारा अन्तर्जाड्यमदमने पावके वह्नौ मयानलब्धे सति मम रसवती प्रक्रिया न सिद्धिं प्रयाति। पक्षे सर्वजनस्यान्तः जाड्यदमने एव पावके पवित्रकारके श्रीकृष्णे न लब्धे सति मम शृंगाररसयुक्ता प्रक्रिया न प्रसिद्धिं प्रयाति ॥६०॥

अनु०—"हे बाले चन्द्रावलि! हे तृष्णावति! पुनः घर से बाहर निकल कर इस प्रदोष समय में सामने ही कृष्णवर्त्मावलोकन (१-आग की प्रतीक्षा २-कृष्ण के मार्ग का अवलोकन) मत करो।" इसका उत्तर देती हुई चन्द्रावली कहती है कि "हे मुग्धे! सबकी अन्त जड़िमा (१-आन्तरिक शैत्य २-आन्तरिक अज्ञान)

को नष्ट करने वाले (१–अग्नि २–कृष्ण) के न मिलने पर मेरी रसवती प्रक्रिया (१–रन्धन कार्य्य २–अनुराग व्यापार) सफल नहीं होगी ॥६०॥

◇◇◇◇

हस्तेनाद्य प्रियसखि ! लसत्पुष्कराभेन दूरात्
कृष्णेनाहं मदकलदृशा कम्पिताङ्गी विकृष्टा ।
नीचैर्जल्प भ्रमति पुरतो भ्रान्तचित्ते ! गुरुस्ते
हूं कालिन्दीपुलिनविपिने दीप्रदन्तीश्वरेण ॥६१॥

टीका—हे प्रियसखि ! श्रीकृष्णेन लसत्पुष्करस्याभा यत्र एवं भूतेन हस्तेन करणेन कम्पिताङ्गी अहं आकृष्टा । प्रियसखी आह–ते तव गुरुलोकः पुरतो भ्रमति, तस्मात् नीचैर्जल्प, पुनर्यूथेश्वरी सक्रोधमाह हुमिति–दीप्तो यो दन्तीश्वरो हस्ती तेन कृष्णवर्णेन कर्त्ता हस्तेन शुण्डेन करणेन आकृष्टा इत्येव मया उक्तम् ॥६१॥

अनु०—हे प्रियसखि ! आज मुझको मदकलदृक् (अनुराग के कारण विकसित नेत्र वाले) कृष्ण ने लसत्पुष्कराभ (विकसित कमल सदृश) हाथ से दूर से ही अपनी ओर खींच लिया, इसी लिये मेरे अंग काँप रहे हैं । इस पर दूसरी सखी उसको सचेत करती हुई कहती है कि "हे भ्रान्तचित्ते ! धीरे बोल, श्वसुर आदि तेरे गुरुजन यहीं घूम रहे हैं ।" प्रथम सखी यह सुनते ही वास्तविक अर्थ का छिपाव करती हुई इन्हीं शब्दों से दूसरा अर्थ प्रकट करती है–"हाँ यमुनातीर के कानन में मदकलदृक् मद मत्त नेत्रों वाले) कृष्णरंग के उद्धत गजराज ने लसत्पुष्कराभ (विकसित कमल से शोभाशाली) अपने हस्त (सूँड) से मुझे पकड़ लिया, इसीलिये मेरे अंग काँप रहे हैं ॥६१॥

◇◇◇◇

वृन्दारण्ये मम विदधिरे निर्भरोत्कण्ठितानि
क्रीडोल्लासैः सपदि हरिणा हा मया किं विधेयम् ।
ज्ञातं धूर्ते ! स्पृहयसि मुहुर्नन्दपुत्राय तस्मै
मा शङ्किष्ठाः सखि मम रसो दिव्यसारङ्गतोऽभूत् ॥६२॥

टीका—हरिणा श्रीकृष्णेन वृन्दावने उत्कण्ठितानि विदधिरे चक्रिरे । प्रत्युत्तरमाह-मुरविजयिना स्मरार्त्ति लम्भितासि । हे सखि मा शंकिष्ठाः, दिव्य सारं गतः सुन्दरहरिणात् रसो रागोऽभूत्, मया हरिणा इति यदुक्तं तन्न तृतीया किन्तु प्रथमान्तमेवेति भावः ॥६२॥

अनु०—हे सखि ! वृन्दारण्य में हरि (कृष्ण) ने क्रीडा उल्लासों के द्वारा मुझे अत्यन्त उत्कण्ठित किया है । हाय ! अब मैं क्या करूँ ?" इस पर दूसरी सखी कहती है कि 'हे धूर्त्ते ! मुझे ज्ञात हो गया है कि तुम बार-बार नन्दनन्दन के लिए अभिलाषा कर रही हो ।' इस पर अपने प्रेम का अपन्हव (छिपाव) करती हुई प्रथम सखी का उत्तर है कि "हे सखि ! हरि शब्द को सुनकर तुम शंका न करो, मेरा अनुराग तो दिव्य कृष्णसार [१–मृग, २–श्रीकृष्ण] में था" ॥६२॥

इत्थम्भूता बहुविधपदारम्भगम्भीरगर्भा
कर्णानां मे स्फुटतरतया कोटिभिः पातुमिष्टा ।
आसीत्तासां प्रियसख ! पुरा यत्र कल्याणवाचां
प्रेमोल्लासप्रकटनपरा कर्मठा नर्म्मगोष्ठी ॥६३॥

(चतुर्दशभिः कुलकम्)

टीका—हे प्रियसख उद्धव यत्र नन्दीश्वरे तासां व्रजसुन्दरीणां कल्याणवाचां नर्म्मगोष्ठी पुरा आसीत् । यदि मम कर्णानां कोटयः स्युस्तदा एव

कर्णकोटिभिः सा नर्म्मगोष्ठी पातुमिष्टा, नतु द्वाभ्यां कर्णाभ्यां सा पातुं शक्येत्यर्थः ॥६३॥

अनु०—अब श्रीकृष्ण उद्धव से कहते हैं कि "हे प्रियमित्र ! इस प्रकार पहले जिस व्रज में मधुरभाषिणी उन गोपियों की अनेक पदों के प्रयोग से गंभीर अभिप्रायों वाली, प्रेमोल्लास को प्रकट करने वाली नर्म गोष्ठियाँ हुआ करती थीं और अत्यन्त स्फुट होने के कारण उनको मैं कोटि कोटि कानों से पान करने की इच्छा करता था" ॥६३॥

०००

केयं श्यामा स्फुरति सरले ! गोपकन्या किमर्थं
प्राप्ता सख्यं तव मृगयते निर्म्मितासौ वयस्या ।
आलिङ्गास्मुं मुहुरिति तथा कुर्वती मां विदित्वा
नारीवेशं हियमुपययौ मानिनी यत्र राधा ॥६४॥

टीका—यूथेश्वरी सखीं प्रत्याह—केयमिति । गोपकन्या किमर्थमत्र प्राप्ता पुनः सखी प्रत्युत्तरमाह—तव सख्यं मृगयते, मया असौ श्यामा वयस्या निर्म्मिता कृता, पुनः सखी आह अमुं श्यामासखीं आलिङ्गनं कुरु, तथा कुर्व्वती राधा नारीवेशं मां विदित्वा ॥६४॥

अनु०—श्रीराधिका ने पूछा "हे सखि ! वह श्यामांगी कौन है ?" सखी के द्वारा यह उत्तर दिए जाने पर कि 'हे सरले ! यह तो गोपकन्या है' राधिका ने प्रश्न किया कि 'यह किस लिए यहाँ आई है?' "तुम्हारी सखी बनने के लिए यह यहाँ आई है" इस उत्तर को सुनकर राधिका ने अपनी स्वीकृति प्रदान की 'मैंने इसे सखी बना लिया'। सखी के द्वारा यह कहे जाने पर कि 'इसका आलिङ्गन करो' जब राधा ने हे उद्धव ! मेरा आलिंगन किया तो

नारीवेश धारी मुझको पहचान कर वह मानिनी राधा वहाँ लज्जित हो गई थी ॥६४॥

◇◇◇◇

यत्रोत्तुङ्गाः करपरिचयं शश्वदासेदिवांसो
भूयांसो मे विमलदृशदां कल्पिता मण्डलीभिः ।
बन्धायोद्यत्तरलतरसां तर्णकानां निखाताः
कीलाः कूलस्थलवलयिनो भान्ति पद्माकराणाम् ॥६५॥

टीका—यत्र नन्दीश्वरे पद्माकराणां पावनसरसां कूलस्थलवर्त्तिनः कीलाः वत्सबन्धनार्थं कील इति प्रसिद्धा भान्ति । कथं भूताः दृशदां प्रस्तराणां मण्डलीभिः कल्पिताः, पुनश्च शश्वत् निरन्तरं गोदोहनार्थमागतानां गोपानां करपरिचयमासेदिवांसः प्राप्तवन्तः, पुनश्च उद्यत्तरलवेगवतः तर्णकाणां वत्सानां बन्धाय निखाताः ॥६५॥

अनु०—हे उद्धव ! जहाँ (पावन सरोवर के तट वर्त्ती) उछल उछल कर भागने वाले गोवत्सों को बाँधने के लिये, निरन्तर गोपों के हाथों से परिचित, निर्मल प्रस्तर खंडों के बने हुए अनेक ऊँचे ऊँचे किले शोभायमान हैं जो तालाबों के किनारे किनारे गड़े हुए हैं ॥६५॥

◇◇◇◇

नो जानीमः कठिनविधिना मद्विधानां कपाले
गोपालीनां किल विलिखिता कीदृशी वर्णलेखा ।
यः सन्ध्यायां सुमुखि ! मिलितो गोकुले राजदूतः
सोऽयं कर्णे निभृतनिभृतं माधवं बावदीति ॥६६॥

टीका—सोऽयं राजदूतः निभृतनिभृतं यथा स्यात्तथा श्रीकृष्णं कर्णे बावदीति पुनः पुनर्वदति ॥६६॥

अनु०—हे सुमुखि ! न मालूम, कठोर विधाता ने मुझ सरीखी (भाग्यहीन) गोपियों के ललाट में क्या लिखा है ? सन्ध्या के समय गोकुल में जो राजदूत (अक्रूर) आया था वह माधव के कान में चुपचाप न मालूम क्या क्या कह रहा है ॥६६॥



एष चत्ता व्रजनरपतेराज्ञया गोकुलेऽस्मिन्
बाले ! प्रातर्नगरगतये घोषणामातनोति ।
दुष्टं भूयः स्फुरति च बलादीक्षणं दक्षिणं मे
तेन स्वान्तं स्फुटति चटुलं हन्त भाव्यं न जाने ॥६७॥

टीका—पशुपनृपते र्नन्दस्याज्ञया कोतोआल इति प्रसिद्धः चत्ता प्रातर्मथुरागमनाय घोषणामातनोति, भाव्यं भवितव्यम् ॥६७॥

अनु०—हे बाले ! यह अक्रूर व्रजराज की आज्ञा से इस गोकुल में प्रातःकाल मथुरा जाने के लिए कोतवाल के द्वारा घोषणा कर रहा है। अशुभ सूचक मेरा यह दाहिना नेत्र बार २ फड़क रहा है और इससे हृदय विदीर्ण हो रहा है। हाय ! भविष्य में न मालूम क्या होगा ॥६७॥



प्रातर्यात्रां नरपतिपुरे तथ्यमाकर्ण्य शौरेः
आयामाय प्रियसखि ! मया यामिनी प्रार्थिताभूत् ।
पश्य क्षिप्रं प्रथितलघिमा पापिनीयं प्रभाता
जायन्ते हि प्रचुरतममो नानुकूलाः परेषु ॥६८॥

टीका—आयामाय दैर्घ्याय यामिनी रात्रिः प्रार्थिता अभूत् । हे सखि पश्य इयं पापिनी रात्रिः अन्यदिनापेक्षयापि क्षिप्रमेव प्रभाता अभूत्,

कथंभूता प्रस्थितो विस्तृतो लघिमा नीचत्वं यया, हि निश्चितं प्रचुर-तमोगुणयुक्ता हि जनाः परे न अनुकूला जायन्ते ॥६८॥

अनु०—हे प्रियसखि ! "निश्चय ही प्रातः काल श्रीकृष्ण मथुरा को प्रस्थान करेंगे" यह सुनकर मैंने यामिनी से दीर्घ होने की प्रार्थना की; परन्तु देख ! यह पापिनी छोटी हो गई और शीघ्र ही प्रभात हो गया। सत्य है प्रचुर तमवाले (१–बहुत अधिक अन्धकार वाले २–बहुत अधिक अज्ञानी) दूसरों के लिए हितकर नहीं बनते ॥६८॥

००००

यावद् व्यक्तिं न किल भजते गान्दिनेयानुबन्धः
तावन्नत्वा सुमुखि ! भवतीं किञ्चिदभ्यर्थयिष्ये ।
पुष्पैर्यस्या मुहुरकरवं कर्णपूरान् मुरारेः
सेयं फुल्ला गृहपरिसरे मालती पालनीया ॥६९॥

टीका—गान्दिनेयस्य अक्रूरस्य अनुबन्धः उद्यमः, मालती त्वया पालनीयेत्यनेन मम मरणे सति त्वां विना तस्याः पालनं न भविष्यतीति ध्वनिः ॥६९॥

अनु०—"हे सुमुखि ! श्रीकृष्ण को मथुरा ले जाने का अक्रूर का उद्योग जब तक प्रकट नहीं होता है उसके पहले ही मैं प्रणतिपूर्वक तुम से कुछ प्रार्थना करती हूँ। जिसके पुष्पों से मैं बार बार श्रीकृष्ण के कर्णभूषण बनाया करती थी, घर के प्रांगण में फुली हुई उस मालती की तुम रक्षा करना।" भावार्थ यह है कि श्रीकृष्ण के मथुरा जाने के पहले ही मैं अपने प्राण छोड़ दूँगी। निज प्रियवस्तु को वयस्या के हाथ में छोड़ देना महाभाव का एक लक्षण है ॥६९॥

००००

नावैषि त्वं पतितमशनिं मूर्ध्नि निर्म्मीयमाणा-
मेनां कस्ते सखि ! शिखरिणीं हन्त पाता हतासि ।
तूर्णं मुग्धे ! बहिरनुसर प्राङ्गणं गेहमध्यात्
अध्यारूढो जिगमिषुरसौ स्यन्दनं नन्दसूनुः ॥७०॥

टीका—हे सखि ! मूर्ध्नि पतितं अशनिं वज्रं त्वं नावैषि न जानासि किन्तु त्वया निर्म्मीयमाणामेतां शिखरिणीं को जनः पाता पानं करिष्यति । कृष्णस्तु जिगमिषुः सन् स्यन्दनमारूढः ॥७०॥

अनु०—हे सखि ! तुम सिर पर गिरते हुए वज्रपात को नहीं जानती । तुम्हारे द्वारा परिपोषित इस मल्लिका की कौन रक्षा करेगा । अथवा तुम से रचित इस शिखरिणी (रसाला) को कौन पान करेगा ? हाय तुम तो विनाश को प्राप्त हो रही हो । हे मुग्धे ! गृह मध्य से शीघ्र ही आँगन में तो आओ । देखो, मथुरा जाने की इच्छा से ये नन्दनन्दन रथ में बैठ गए ॥७०॥

००००

आसीदार्य्ये ! पशुपपटलीमन्तरा नान्तरायः
प्रापुः पापा न च विकलतां पादभङ्गैस्तुरङ्गाः ।
ध्वस्तो नाभूदयमपि मनाक् स्यन्दने चक्रबन्धः
सत्यं गन्ता मधुपुरमसौ हन्त किं केशिहन्ता ॥७१॥

टीका—हे आर्य्ये सखि पशुपपटलीमन्तरा गोपसमूहमध्ये अन्तरायः विघ्नः नासीत् एवं रथस्थास्तुरङ्गा अपि पादभङ्गैः विकलतां न प्रापुः तस्मात्सत्यं मधुपुरीं गन्ता गमिष्यति ॥७१॥

"हे आर्ये ! क्या गोपकुल में किसी ने कोई बाधा उपस्थित नहीं की ? क्या पापी घोड़ों के पैर नहीं टूटे ? क्या रथ का यह पहिं

थोड़ा भी ध्वस्त नहीं हुआ ? हाय ! क्या ये केशिसूदन सचमुच ही मथुरा को जावेंगे ।" अर्थात् यदि ये बाधाएँ आ गई होतीं तो श्रीकृष्ण का मथुरा जाना कुछ समय के लिए स्थगित हो गया होता ॥७१॥



आराद्ग्रे कलय नृपतेर्दूत ! निर्धूतलज्जा
सज्जा तन्वी किमपि विषमं साहसं कर्तुमिच्छुः ।
यानादद्याबद्विसृजसि पुरश्चन्द्रहासं न कृष्णं
हस्तात्तावद्विसृजति सखी चन्द्रहासं न कृष्णम् ॥७२॥

टीका—हे नृपतेर्दूत अक्रूर ! अग्रे कलय पश्य, निर्धूतलज्जा तत एव किमपि साहसं कर्तुमिच्छुरियं तन्वी सज्जा सज्जते उद्यता इत्यर्थः । साहसमेवाह—चन्द्रतुल्यहासो यस्य एवंभूतं श्रीकृष्णं त्वं यानात् रथतः यावन्न विसृजसि तावन्मम सखी कृष्णं कृष्णवर्णं चन्द्रहासं खड्गं हस्तान्न विसृजति । तथा च त्वं यदि कृष्णं न त्यजसि तदा इयं सखी स्वहस्तधृतखड्गेनात्मघातं करिष्यति । स्त्रीवधस्तु त्वय्येव लगिष्यतीति भावः ॥७२॥

अनु०—हे राजकिंकर अक्रूर ! कुछ समीप आकर तो देखो । यह कृशांगी व्रजबाला लज्जा को छोड़ कर विषम साहस (आत्महत्या) करने के लिए तैयार हो गई है । जब तक तुम चन्द्र के समान हाँसीवाले कृष्ण (चन्द्रहास कृष्ण) को रथ से नहीं उतारोगे तब तक यह सखी भी इस काली तलवार (कृष्ण चन्द्रहास) को नहीं छोड़ेगी । अर्थात् कृष्ण के विरह में हाथ में तलवार लेकर आत्महत्या करने के लिए उद्यत इस सखी को प्राणरक्षा के लिए तुम कृष्ण को रथ से उतारो नहीं तो तुम स्त्रीवधरूप महान् पाप के भागी बनोगे ॥७२॥

मुग्धे ! पश्य क्षणमपि हरिं नेत्रमुन्मीलयन्ती
मोहेन त्वं विरचय मुहुर्वात्मनो वञ्चनानि ।
शृण्वन् काकूत्करमपि पुरो हन्त सीमन्तिनीनां
क्रूरस्तूर्णं विनुदति रथं दूरमक्रूरनामा ॥७३॥

टीका—मूर्च्छादिना श्रीकृष्णदर्शने असमर्थां स्वयूथेश्वरीं प्रति सखी आह मुग्धे इति ॥७३॥

अनु०—हे मुग्धे ! निर्निमेष नेत्रों से क्षण भर के लिए तो कृष्ण को और देख लो । बार बार मोह से (अर्थात् मूर्च्छिता होकर) तुम अपने आपको उनके दर्शन सुख से वंचित मत करो ! हाय ! अक्रूर नामक यह क्रूर व्रजबालाओं के करुण रुदन को सामने ही सुनता हुआ भी रथ को शीघ्र ही दूर ले जा रहा है ॥७३॥

पश्य श्यामोदरि ! तव मुखालोकजन्मा हि शोको
बारं बारं हरिनयनयोर्बाष्पमन्तस्तनोति ।
धावद्वाजिस्फुरदुरुखुरोच्चानितानां वितानो
धूलीनां तु श्रयति विसरन्नेष मिथ्याकलङ्कम् ॥७४॥

टीका—हे कृशोदरि ! तव मुखालोकनाज्जातो यः श्रीकृष्णशोकः स श्रीकृष्णस्य नयनयोरन्तर्मध्ये बाष्पं बारं बारं तनोति, परं तु अश्व-खुरोत्थानां धूलीनां वितानश्चन्द्रातपः मिथ्याकलङ्कं श्रयति प्राप्नोतीत्यर्थः । धूलिसम्बन्धादेव मम नेत्रे जलमागतमिति श्रीकृष्णेनोच्यते एष एव मिथ्याकलङ्कः ॥७४॥

अनु०—हे कृशोदरि ! देख तो, तुम्हारे मुख को देखने से उत्पन्न होने वाले शोक से बार बार श्रीकृष्ण के नेत्र अश्रु पूर्ण हो रहे हैं ।

अर्थात् तुम्हारे मुखदर्शन से शोकातुर होकर श्रीकृष्ण आँसू बहा रहे हैं। दौड़ते हुए घोड़ों के विशाल खुरों से उठी हुई धूलि का यह फैलता हुआ विस्तार तो व्यर्थ ही कलंक का भागी बन रहा है। भाव यह है कि तुम्हारे शोक के कारण श्रीकृष्ण की आँखें अश्रुयुक्त हैं। धूलि के गिरने के कारण नहीं। परन्तु बाहरी लोग समझ रहे हैं कि धूलि के गिरने के कारण ही श्रीकृष्ण की आँखो में आँसू आ रहे हैं ॥७४॥

००००

कृष्णं मुष्णन्नकरुण ! बलाद्गोपनारीबधार्थी
मा मर्य्यादां यदुकुलभुवां भिन्दि रे गान्दिनेय ! ।
इत्युक्त्वा मम मधुपुरे यात्रया यत्र तासां
बित्रस्तानां परिबबलिरे बल्लवीनां बिलापाः ॥७५॥

टीका—रे गान्दिनेय ! श्रीकृष्णं मुष्णन् यदुकुलभवां यादवानां मर्य्यादां मा भिन्दि, मम मधुपुर्यां यात्रया बित्रस्तानां तासां इति उक्त्वा अत्युच्चा बिलापाः परिबबलिरे बलवन्तो बभूवेत्यर्थः ॥७५॥

अनु०—"हे अकरुण गान्दिनीसुत अक्रूर ! कृष्ण का अपहरण करते हुए तुम बलपूर्वक व्रजबालाओं के बध के अभिलाषी बन कर यदुवंशियों की मर्य्यादाओं का तो उल्लंघन न करो। अर्थात् नारियों के बध से यदुवंशियों के उत्तम कुल को तो कलंकित न करो।" जहाँ इस प्रकार मेरे मथुरा आते समय उन भयातुर गोपियों का महान् विलाप चारों ओर परिव्याप्त होगया था॥७५॥

००००

शश्वन्नीराहरणकपटप्राप्तगोपालनारी-
गूढक्रीडाबसतिनिबिड़च्छायकुञ्जोपगूढः ।

यत्रादूरे विलसति महान् बद्धरोलम्बसद्मा-
पद्मामोदस्नपितपवनः पावनाख्यस्तडागः ॥७६॥

टीका—यत्र नन्दीश्वरे अदूरे निकट एव पावनाख्यस्तडागो विलसति। कथंभूतः निरन्तरजलाहरणरूपकपटेन प्राप्तानां गोपनारीणां सम्भोगादि-गूढक्रियाया वसति यत्र तथाभूतेन निबिडछायायुक्तेन कुन्जेन उपगूढः आलिङ्गितः, पुनश्च बद्धं रोलम्बैर्भ्रमरैः सह यत्र ॥७६॥

अनु०—श्रीकृष्ण उद्धव से कहते हैं कि "निरन्तर पानी भरने के व्याज से आने वाली गोपाङ्गनाओं के गुप्त विहार का स्थान, घनी छायाओं वाले कुंजों से परिवेष्टित तथा अनेक भ्रमरों से युक्त कमलों की सुगन्धि से सुगन्धित वायुओं वाला पावनाख्य बड़ा भारी सरोवर जहाँ नन्दीश्वर के समीप ही शोभायमान है ॥७६॥

◇◇◇◇

लीलाक्रान्तैर्मुरविजयिनः सर्वतः पादपातैः
वैलक्षण्यं किमपि जगतामन्तराकर्षि नीताः।
एते नन्दीश्वरपरिसरा नेत्रवीथीं भजन्ते
तीव्रं मातः किमपि दहनं चेतसि ज्वालयन्तः ॥७७॥

टीका—मुरविजयिनः श्रीकृष्णस्य लीलया आक्रान्तैः पादपातैः करणैः किमपि वैलक्षण्यं नीताः प्राप्ताः नन्दीश्वरपरिसराः मम नेत्रवीथीं भजन्तः सन्तः चेतसि कमपि दहनं ज्वालयन्ति। हे मातः सखि वैल-क्षण्यं कीदृशं जगतामन्तराकर्षि जगतामन्तःकरणाकर्षणशीलः ॥७७॥

अनु०—हे मात! अर्थात् हे सखि! चारों ओर श्रीकृष्ण के विलास युक्त चरण निक्षेपों से संसार के प्राणियों के लिए अनिर्वचनीय मनोहर तथा अत्यन्त आकर्षित करने वाले विलक्षण बने हुए ये

नन्दीश्वर पर्वत के प्रदेश दृष्टिगोचर हो रहे हैं जो चित्त में एक विलक्षण प्रकार की अग्नि रूप से जला रहे हैं ॥७७॥

◇◇◇◇

अस्ति प्रेम्णां त्वयि परिमलो मांसलः कंसशत्रोः
अद्य श्वो वा स तव भविता हारिहारानुकारी ।
दम्भोलीनामपि सुवदने ! गर्भनिर्भेददक्षैः
एभिः कामं किमु विलपितैर्बान्धवान् दन्दहीषि ॥७८॥

टीका—हे सखि ! कंसशत्रोस्त्वयि मांसलः बलवान् प्रेम्णां परिमलोऽस्ति अतएव स श्रीकृष्णः अद्य श्वो वा अत्रागत्य तव मनोहारि हारस्यानुकारी भविता भविष्यति । तस्मात् हे सुवदने दम्भोलीनां वज्राणां गर्व्वनिर्भेददक्षै र्विलपितैः करणैः कथं बान्धवानस्मान् दंदहीषि ॥७८॥

अनु०—हे सुवदने ! तुम में कंसनाशन श्रीकृष्ण के प्रेम की अपार सौरभ विद्यमान है, इस लिए वे आज नहीं तो कल अवश्य ही तुम्हारे मनोहर हार का अनुकरण करेंगे अर्थात् हार के समान तुम्हारा कंठाश्लेष करेंगे । फिर तुम वज्रों को भी पिघलादेने वाला इन विलापों से अपने बन्धुजनों को क्यों बार बार जला रही हो ? ॥७८॥

◇◇◇◇

मा कार्पण्याद्विरचय वृथा बाष्पमोक्षं हताशे !
कृष्णाश्लिष्टां तनुमनुपमां स्वेच्छया न त्यजामि ।
ज्वालस्तीव्रो विरहदहनादाप्तजन्मा बलान्मे
मर्म्मोन्माथी लघुतरमिमां पातयन् दन्दहीति ॥७९॥

टीका—सखीवाक्यं श्रुत्वा यूथेश्वरी प्रत्युत्तरमाह—हे हताशे मद्दुःखं दृष्ट्वा कार्पण्यात् दैन्यात् बाष्पमोक्षं वृथामारचय । श्रीकृष्णेनाश्लिष्टा-

मनुपमां तनुं किं स्वेच्छया अहं त्यजामि किन्तु विरहदहनात् प्राप्त-जन्मा ज्वालः मर्म्मोन्माथी सन् इमां तनुं बलात् पातयन् लघुतरं शीघ्रं यथा स्यात्तथा दंदहीति ॥७६॥

अनु०—"हे हताशे! व्याकुल होकर व्यर्थ ही अश्रु मोचन न करो।" इसका उत्तर देती हुई प्रथम सखी यूथेश्वरी कहती है कि हे सखि! कृष्ण का आलिंगन प्राप्त करने वाले इस अनुपम शरीर को मैं स्वेच्छा से नहीं छोड़ रही हूँ, परन्तु कृष्ण की विरहाग्नि से उत्पन्न होने वाली तथा मर्मस्थल को बेधने वाली ये ज्वालाएँ बलपूर्वक मेरे इस शरीर को भ्रंशित कर के बार बार जला रही हैं ॥७६॥

कारुण्याब्धौ क्षिपसि जगतीं हा किमेभिर्विलापैः
धेहि स्थैर्य्यं मनसि यदध्वगे बद्धरागा।
स्मृत्वा वाणीमपि यदि निजां स व्रजं नाजिहीते
धूर्त्तोऽस्माकं त्रिजगति ततस्तन्वि! निर्दोषताभूत् ॥८०॥

टीका—मनसि धैर्य्यं धेहि यदयस्मादध्वगे पथिके श्रीकृष्णे त्वं बद्ध-रागाभूः। स धूर्त्तः यदि व्रजं ना जिहीते न आगच्छति तदा अस्माकं निर्दोषता जगति अभूत् ॥८०॥

अनु०—"हाय! तुम इन विलापों से संसार को करुणासागर में क्यों डुबो रही हो? मन में धीरज धरो क्यों कि रास्ते चलते से तुमने प्रेम किया है। (पथिक के प्रति किए गए प्रेम की यही गती होती है, यह सोच कर तुम्हें धैर्य्य धारण करना चाहिए।) हे कृशांगि! यदि वे धूर्त्तराज कृष्ण अपने वचनों को स्मरण करके भी (मैं थोड़े ही दिनों में मथुरा से व्रज आ जाऊँगा) व्रज में नहीं

लौटते हैं तो हमारी निर्दोषता तीनों लोकों में घोषित हो जावेगी ॥८०॥

००००

क्वायं गन्ता मधुरिपुरितो गोकुलादस्मदीयः
काले रंस्ये सुखमिति मया हन्त मानो व्यधायि ।
का जानीते यदिह खलताचातुरीदीक्षितेन
निक्षेप्तव्यं शिरसि कुलिशं गान्दिनीनन्दनेन ॥८१॥

टीका—अयं मधुरिपुः गोकुलादन्यत्र क्व गन्ता गमिष्यति, अपि तु न कुत्रापि यतोऽस्मदीयः, तस्मात् यथोचितकाले तेन सह अहं रंस्ये इति मनसि कृत्वा हन्त खेदे मया मानो व्यधायि ॥८१॥

अनु०—"हमारे वे मधुहन्ता श्रीकृष्ण इस गोकुल से अन्यत्र कहाँ जावेंगे। आगे किसी समय इनसे इच्छा पूर्वक विहार करुँगी" हाय! इसी भावना से मैंने उनसे मान किया। यह किसको मालूम था कि खलचातुर्य्य में परम प्रवीण गान्दिनीसुत अक्रूर हमारे सिर पर इस प्रकार गाज गिरा देगा ॥८१॥

००००

न चोदीयानपि सखि ! मम प्रेमगन्धो मुकुन्दे
क्रन्दन्तीं मां निजसुभगताख्यापनाय प्रतीहि ।
खेलद्वंशीवलयितमनालोक्य तद्वक्त्रबिम्बं
ध्वास्तालम्बा यदहमहह प्राणकीटं बिभर्मि ॥८२॥
आशापाशैः सखि नवनवैः कुर्वतो प्राणबन्धं
जात्या भीरुः कति पुमरहं वासराणां क्षयिष्ये ।
एते वृन्दावनविटपिनः स्मारयन्तो विलासान्
उत्फुल्लास्तान्मम किल बलान्मर्म निर्मूलयन्ति ॥८३॥

टीका —हे सखि ! स्तोदीयानपि अतिशयक्षुद्रोऽपि प्रेमगन्धो मम मुकुन्दे नास्ति किन्तु अहं प्रेमवतीति निजसुभगताख्यापनायैव मां क्रन्दन्तीं मतोहि । यद् यस्मात् खेलन्त्या वंश्या वलयितं युक्तं तस्य वक्त्रबिम्बं अनालोक्य ॥८२-८३॥

अनु०—हे सखि ! श्रीकृष्ण के प्रति मेरी तनिक भी प्रेमगंध नहीं है । मैं जो यह क्रन्दन कर रही हूँ उसको तो तुम मेरे सौभाग्य का विज्ञापन मात्र ही समझो । हाय ! कृष्ण के वेणु भूषित मुखमंडल को न देखकर अनाथा मैं अब तक प्राण को धारण किए हुए हूँ । तात्पर्य्य है कि मैं उनमें वास्तविक अनुरागवती नहीं हूँ । यदि अनुरागवती होती अब तक मेरे ये प्राण शरीर से अलग हो गए होते ॥८२॥

अनु०—"हे सखि ! आशा के नये नये बंधनों से अपने प्राणों को अवलम्बन देती हुई मुझ अबला को कितने दिन और बिताने होंगे ? वृन्दाबन के ये विकसित वृक्ष उन विलासों का स्मरण कराते हुए बलपूर्वक मेरे मर्मस्थल को बींधे डाल रहे हैं ।" अर्थात् 'कृष्ण आवेंगे और उनके साथ फिर विलास करूँगी' इस आशा से मैंने अब तक प्राणों को रोके रक्खा है । अब अधिक दिन रोकना दुष्कर है ॥८३॥

०००००

सा विश्राम्यन्मनसिजधनु विभ्रमोद्बोधविद्या
चिल्लीवल्लिभ्रमिमधुरिमोद्दामसम्पद्विरिष्टा ।
एतामात्तिं मम शमयिता स्मेरताशङ्कराङ्को
प्रेमोत्तुङ्गा किमु मुरभिदो भंगुरापाङ्गभङ्गी ॥८४॥
कामं दूरे सहचरि ! वरीवर्त्ति यत्-कंसवैरी
नेदं लोकोत्तरमपिविपद् दिनं मे दुनोति ।

आशाकीलो हृदि किल धृतः प्राणरोधी तु यो मे
सोऽयं पीड़ां निबिड़वड़वाबन्हितोग्रस्तनोति ॥८५॥

टीका--मुरभिदः श्रीकृष्णस्य भंगुरापाङ्गभङ्गी एतां मम आर्त्तिं किं शमयिता, कथंभूता विश्राम्यन्ती कन्दर्पस्य धनुर्विक्रमे उद्बोधविद्या यतः यस्या अपाङ्गभङ्ग्या अग्रे कन्दर्पविद्या विश्रान्ता लुप्ता बभूवेत्यर्थः। पुनश्च भ्रूवल्या भ्रमिरूपमधुरिमोद्दामसम्पद्धिरिष्टा ॥८४-८५॥

अनु०—क्या विलासशील कामदेव के धनुष के विलास को विश्रामित कर देने वाली अर्थात् जिसके आगे काम धनुष का विलास व्यर्थ है, ऐसी चिल्लीलता के भ्रमण के समान माधुर्य्यवाली, अत्यन्त श्रीसम्पन्न होने से प्रिय, मन्दहास्य से अत्यन्त सुख प्रद तथा प्रेमपूर्ण श्रीकृष्ण की कुटिल अपांगभंगिमा मेरे इस मनः सन्ताप को नष्ट करेगी ॥८४॥

हे सहचरि ! कंसनाशन श्रीकृष्ण जो दूर देश में स्वच्छन्दता के साथ रह रहे हैं, यह पीड़ा लोकोत्तर होते हुए भी मुझको व्यथित नहीं कर रही है। परन्तु मैंने "श्रीकृष्ण पुनः आवेंगे' इस प्रकार का जो आशा का शंकु हृदय में धारण किया था और जिसने मेरे प्राणों को अभी तक नहीं निकलने दिया है, वही बडवाग्नि के समान अत्यन्त तीव्र बन कर पीड़ा को बढ़ा रहा है" ॥८५॥

तत्र स्फीताधरमधुभरे शीतलोत्सङ्गसङ्गे
सौन्दर्य्येणोल्लिखितवपुषि स्फारसौरभ्यपूरे ।
नर्म्मारम्भस्थपुटितवचः कन्दले नन्दसूनौ
मोदिष्यन्ते मम सखि ! कदा हन्त पञ्चेन्द्रियाणि ॥८६॥

टीका--हे सखि ! मम पञ्चेन्द्रियाणि कदा नन्दसूनौ मोदिष्यन्ते ? कथंभूते स्फीताधरमधुभरे एतेन जिह्वेन्द्रियाह्लादकत्वमुक्तम्। एवमुत्त-

त्रापि बोध्यम् । पुनश्च नर्म्मारम्भे स्थपुटितो युक्तः वाक्यकन्दलो यस्य ॥८६॥

अनु०—हे सखि ! ऐसा कब होगा जब अत्यन्त माधुर्य्य प्राप्त अधरों वाले, शीतल क्रोड देश वाले, अर्थात् जिनकी गोद संतापों का उपशमन करने वाली है, सौन्दर्य्य से उद्भासित शरीर वाले, अत्यधिक सुगन्धि से युक्त, विहार के समय नव नव रस रुचिर विशृंखल वचन बोलने वाले श्रीकृष्ण से मेरी पाँचों इन्द्रियां फिर हर्षित होंगी।" अधरमधु के पान से जिह्वा, शीतल क्रोड के संसर्ग से स्पर्शेन्द्रिय, सौन्दर्य्यशाली शरीर से नेत्रेन्द्रिय, सौरभसमुदाय से नासिका तथा रसमय वचनों से कर्ण प्रमुदित होंगे ॥८६॥

००००

भिन्दन्नक्ष्णोः मम कलुषतां श्यामलः श्यामलाभिः
लिम्पन्तीभिर्गिरिपरिसरं माधुरीणां छटाभिः ।
आविर्भावी गुरुतरचमत्कारभाजः कदा मे
खेलन्नग्रे निखिलकरणानन्दनो नन्दसूनुः ॥८७॥

टीका—अखिलकरणानां समस्तेन्द्रियाणां आनन्दनो नन्दसूनुः माधुरीच्छटाभि र्मम अक्ष्णोः कलुषतां भिन्दन् सन् गुरुतरचमत्कारभाजो मम अग्रे कदा आविर्भावी आविर्भावि भविष्यति । छटाभिः कथंभूताभिः श्यामलादपि श्यामलाभिः, पुनश्च गिरे र्नन्दीश्वरस्य परिसरं लिम्पन्तीभिः लेपनं कुर्वतीभिः ॥८७॥

अनु०—हे सखि ! ऐसा कब होगा जब कि समस्त इन्द्रियों को आह्लादित करने वाले वे कृष्ण अपनी श्यामल माधुरी छटाओं से पर्वत प्रदेश को मार्जित करते हुए अर्थात् अपनी श्यामल माधुर्य्य छटा से पर्वतादि प्रदेश को श्यामल अर्थात् हरा बनाते हुए तथ

मेरे नेत्रों की कलुषता को दूर करते हुए अत्यन्त आश्चर्य में पड़ी हुई मेरे सामने खेलते हुए प्रकट हो जावेंगे ॥८७॥



आनम्रायां मयि निजमुखालोकलक्ष्मीप्रसादं
खेदश्रेणीविरचितमनोलाघवायां विधेहि ।
सेवा भाग्ये यदपि न विभो ! योग्यता मे तथापि
स्मारं स्मारं तव करुणतापूरमेवं ब्रवीमि ॥८८॥

टीका—खेदश्रेण्या विरचितमनो लाघवायां मयि, हे विभो ! निज-मुखालोकलक्ष्मीप्रसादं विधेहि कुरु । यद्यपि सेवा भाग्ये मम योग्यता नास्ति तथापि एवं ब्रवीमि ॥८८॥

हे विभो ! निरन्तर विलाप करने के कारण मन को छोटा समझने वाली तथा अत्यन्त प्रणत मुझको दर्शन प्रदान करिए । यद्यपि मेरे भाग्य में आपकी सेवा नहीं है, तथापि मुझ में उसकी योग्यता तो है ही । आपकी कारुण्यराशि का पुनः पुनः स्मरण करके ही मैं ऐसा कह रही हूँ ॥८८॥

क्रीडातल्पे निहितवपुषः कल्पिते पुष्पजालैः
स्मित्वा स्मित्वा प्रणयरभसात् कुर्वतो जर्म्मभङ्गीः ।
विन्यस्यन्ती तव किल मुखे पूगफालीं विधास्ये
कुञ्जद्रोण्यामहमिह कदा देव ! सेवाविनोदम् ॥८९॥

टीका—तदेवाह पुष्पजालैः कल्पिते निर्म्मिते क्रीडातल्पे केलिशय्यां नि-हितवपुषस्तव मुखपुटे पूगफालीं गुवाकखण्डं विन्यस्यन्ती अहं कदा सेवाविधानं विधास्ये ॥८९॥

अनु०—हे प्राणवल्लभ ! ऐसा कब होगा जब यहाँ निकुंज प्रदेश मे पुष्पों से बनाई गई विहार शय्या पर लेटे हुए, तथा मन्द-मन्द हँस कर प्रेमावेश से कौतुक विलास करने वाले आपके मुख में सुपाड़ी का चूर्ण डालती हुई मैं सेवा विनोद करूँगी ॥८६॥

००००

इत्युद्बन्धैः पशुपरमणीमण्डलीनां विलापैः
भूयोभूयः करुणकरुणैरद्य कीर्णान्तरस्य ।
उद्यद्बाष्पा त्यजति परितो रुद्धकर्णा कराभ्यां
दूरात् पान्थावलिरपि सखे ! यस्य सीमोपकण्ठम् ॥९०॥
(चतुर्दशभिः कुलकम्)

टीका—हे सखे ! उद्धव इति, अनेन प्रकारेण उद्बन्धैर्विलापैः कीर्णान्तरस्य व्याप्तमध्यदेशस्य यस्य नन्दीश्वरस्य सीमाया उपकण्ठं पान्थावलिः पथिकश्रेणिरपि हस्ताभ्यां रुद्धकर्णा सती दूरादेव त्यजति ॥९०॥

अनु०—अब श्रीकृष्ण उद्धव से कहते हैं कि "हे सखे ! इस प्रकार गोपाङ्गनाओं के अत्यन्त विस्तृत तथा करुण परिभावित विलापो से निरन्तर रूप से परिव्याप्त जिस व्रज के सीमा प्रदेश को आँसू बहाती हुई तथा हाथों से कानों को बन्द करती हुई पथिकावली भी आज कल दूर से ही छोड़ देती है ॥९०॥

००००

युक्तं शृङ्गी कनकनिकरालिङ्गिताङ्गैस्तुरङ्गैः
दृष्ट्वा नन्दीश्वरतटभुवि स्यन्दनं ते मिलन्तम् ।
मामाशङ्क्य स्फुटमुपगतं सन्निधातव्यमारात्
धावन्तोभिस्तरलतरलं राधिकायाः सखीभिः ॥९१॥

टीका—नन्दीश्वरतटभुवि मिलितं तव स्यन्दनं रथं दृष्ट्वा मामुपगतं समीपप्राप्तमाशङ्क्य राधिका-सखीभिः आरान्निकटे सन्निधातव्यं, रथं कीदृशं शृंगी कनकनिकरेण सुवर्णालङ्कारसमूहेनालिङ्गिताङ्गैस्तुरङ्गै र्युक्तम् ॥९१॥

अनु०—सुवर्ण जटित सींगों वाले घोड़ों से युक्त तुम्हारे रथ को नन्दीश्वर पर्वत के समीप आया हुआ देखकर तथा मेरे आने की स्फुट आशंका करके बहुत दूर से अत्यन्त तीव्रगति से दौड़ती हुई राधिका की सखियों के समीप तुम उस रथ को स्थापित करना ॥९१॥

००००

गोपालीनामपि वपुरलङ्कारलीलां दधानो
येषां नव्यः किसलयगणो रागिणं माञ्चकार ।
भ्राम्यद्भृंगावलिषु भवता तेषु शस्ताशिषां मे
वृन्दं वृन्दावनविटपिषु प्राज्ञ ! विज्ञापनीयम् ॥९२॥

टीका—हे प्राज्ञ ! भवता तेषु वृन्दावनविटपिषु मम आशिषां वृन्दं विज्ञापनीयं, येषां विटपिनां नवीनकिशलयगणः गोपीनां वपुषः अलङ्कारलीलां दधानः सन् मां स्वस्मिन् रागिणं अनुरागयुक्तं चकार॥९२॥

अनु०—हे प्राज्ञ ! वृन्दावन के जिन वृक्षों के नये-नये किसलयों ने गोपाङ्गनाओं के शरीरों को अलंकृत करते हुए मुझे अनुराग युक्त किया था, भ्रमरावलियों से गुंजरित उन वृक्षों को तुम मेरा शतशः आशीर्वाद कहना ॥९२॥

००००

मत्ता वंशीनिनदमधुभिस्तूर्णगास्तर्णकानां
या मुञ्चन्त्यः प्रणयमभितः सस्मरश्लथाक्ष्यः ।

तासामुच्चैर्मम परिपठन् कामतो नामधेयं
क्षेमं पृच्छेस्त्वमथ निचये नीचकैर्नैचिकीनाम् ॥६३॥

टीका—तासां नैचिकीनां निचये गवां समूहे त्वं क्षेमं पृच्छेः, याः नैचिक्यः तर्णकानां वत्सानां प्रणयं मुञ्चत्यः अतएव तूर्णकाः शीघ्राः सत्यः अभितश्चतुर्दिक्षु सस्रुः गमनं चक्रुः । अनुप्रासानुरोधात् तूर्णका इत्यत्र स्वार्थे कप्रत्ययस्य नापुष्टार्थत्वम् ॥६३॥

अनु०—हे उद्धव ! उसके पश्चात् मेरे वंशी स्वर की मधुरिमा से मतवाली बनी हुई, अपने वत्सों की आशक्ति को छोड़कर नेत्रों से अश्रु बहाती हुई जो गाएँ मेरे पास दौड़ी हुई आ जाती थीं, उन्हीं के समूह में तुम उच्च स्वर से मेरा नाम उच्चारण करके बाद में धीरे से उनकी कुशल पूछना ॥६३॥

◇◇◇◇

डिम्भव्यूहं हृतवति विधौ तत्तदाभस्तदाहं
स्तन्यं यासां मधुरमधयं वत्सरं वत्सलानाम् ।
वारं वारं मम नतिगणान् विज्ञ ! विज्ञापयेथाः
नम्रस्तासां जरठपशुपीमण्डलीनां पदेषु ॥६४॥

टीका—जरठा वृद्धाः ॥६४॥

अनु०—ब्रह्मा द्वारा वत्स समूह के हरण कर लिए जाने पर मैंने उस-उस वत्स स्वरूप होकर जिन प्रेमवती गायों का मधुर क्षीर पिया था, हे विज्ञ ! तुम नम्र होकर उन जराजर्जर गायों के चरणों मे बार-बार मेरा प्रणाम कहना ॥६४॥

◇◇◇◇

आमोदं ते मधुर ! दधिरे मामहंपूर्विकाभिः
दूरे यान्तं कुसुमितवनालोकनाय स्पृशन्तः ।
श्रीदामाद्याः प्रियसहचरा हन्त मन्नामतस्ते
पौनः पुन्यान्निपुण ! भवता तुङ्गमालिङ्गनीयाः ॥६५॥

टीका—श्रीदामाद्याः कुसुमितवनालोकनाय दूरे यान्तं मां अहंपूर्विकाभिः स्पृशन्तः सन्तः आमोदं विदधिरे ॥६५॥

अनु०—हे मधुर ! कुसुमित वन को देखने के लिए बहुत दूर तक जाने वाले मुझको "मैं पहले स्पर्श करूँगा" इस प्रकार की स्पर्द्धा से छूने वाले श्रीदामा आदि मेरे प्रिय सहचर बहुत आनन्दित करते थे । हे निपुण ! तुम उन सहचरों को बार-बार मेरे नाम से दृढ़ालिंगन करना ॥६५॥

००००

हत्वा रङ्गस्थलभुवि मया धीर ! कंसं नृशंसं
काकून्निश्रैः शपथशतकैर्गोकुलं प्रेषितस्य ।
आनम्रस्त्वं चरणयुगलं वल्लवेन्द्रस्य कामं
नाम ग्राहं मम गुणनिधे ! वन्दमानो दधीथाः ॥६६॥

टीका—आनम्रस्त्वं वल्लवेन्द्रस्य चरणयुगलं वन्दमानः सन् दधीथाः ग्रहणं कुर्वीथा इत्यर्थः ॥६६॥

अनु०—हे धीर ! रंगभूमि में नृशंस कंस को मार कर काकूक्ति-पूर्ण अनेक शपथ लेकर मैंने जिन ब्रजराज पिता नन्द को लौटाया था, हे गुणनिधे ! तुम नम्र बनकर मेरा नाम लेकर उस नन्द के चरण-युगल को धारण के साथ अर्थात् स्पर्श कर वन्दना करना । अर्थात् कृष्ण तुम्हारे चरणों में नमस्कार करता है ऐसा कह कर नमस्कार करना ॥६६॥

००००

तां वन्देथा मम सविनयं नामतः श्यामगात्रीं
आक्रोशन्तीं खलनरपतिं साङ्गुलीभङ्गमुच्चैः ।
अन्तश्चिन्ताविलुलितमुखीं हा मदेकप्रसूतिं
सर्व्वाङ्गैस्त्वं कलितवसुधालम्बमम्बां यशोदाम् ॥६७॥

टीका—खलनरपतिं कंसं साङ्गुलीभङ्गं यथा स्यात्तथा उच्चैः क्रोशन्तीं, चिंतया लुलितमुखीं, लुलमर्दने धातुः, मदेकप्रसूतिं, मदेकपुत्रां, सर्व्वाङ्गैः कलितवसुधालम्बं यथा स्यात्तथा वन्देथा ॥६७॥

अनु०—तुम मेरे नाम से "श्रीकृष्ण तुम को प्रणाम कर रहे है" ऐसा कहकर, उस कृशाङ्गी अंगुलि दिखाकर (जिसने मुझे अपने धन कृष्ण से वंचित किया है, उस कंस का सर्व्वनाश हो, ऐसा कह कर) दुष्ट कंसराज को अभिशाप देने वाली, अन्तः चिन्ता से विषण्ण मुख वाली, तथा मदेक पुत्रा (मैं ही जिसका एक मात्र पुत्र हूँ) किम्वा मेरी एक मात्र माता उस माता यशोदा को सविनय साष्टांग प्रणाम करना ॥६७॥

००००

या निःस्वासोद्गमबलयितं हा रवं मुञ्चमाना
खेदोद्ग्रं मम गुणकथामन्तरेणान्तरेण ।
श्यामीभूता क्षितिपतिपुरी-वर्त्म बिन्यस्तनेत्रा
बाष्पोद्गारस्नपितवसना वासराणि क्षिपन्ती ॥६८॥

टीका—तासां मम प्रियाणामन्तिकं त्वं बद्धाञ्जलिः सन् अनुसरेः इति तृतीयश्लोकेऽन्वयः । याः सुन्दर्य्यः मम गुणकथामन्तरेणान्तरेण गुणकथामध्ये खेदेनोग्रं हा रवं हा प्राणनाथ इति शब्दं मुञ्चमाचमानाः ॥६८

अनु०—जो सब मेरे गुणों का संकीर्त्तन करते समय बीच-बीच

म अत्यन्त स्वेदपूर्ण तथा निश्वास पूर्ण "हा कृष्ण" इस प्रकार शब्द करती हुई, अत्यन्त क्षीण शरीर वाली, निरन्तर अश्रुपात से गीले वस्त्रों वाली तथा मथुरा के मार्ग पर ही एकटकी लगाकर देखने वाली हैं उन व्रजाङ्गना के निकट तुम सविनय जाना ॥६८॥

००००

अक्रूराख्ये हृतवति हठाज्जीवनं मां निदाघे
विन्दन्तीनां मुहुरविरलाकारमन्तर्विदारम् ।
सद्यः शुष्यन्मुखवनरुहां वल्लवीदीर्घिकाणां
यासामाशामृदमनुसृताः प्राणकूर्मा वसन्ति ॥६९॥

टीका—अक्रूराख्ये निदाघे जीवनं जलरूपं मां हृतवति यासां वल्लवी-रूपदीर्घिकाणां प्राणरूपाः कूर्माः आशारूपमृत्तिकामनुसृताः सन्तः वसन्ति । जलशोषणे सति दीर्घिका यथा अविरलाकारं अन्तर्विदारं प्राप्नुवन्ति तथैवान्तर्विदारं विन्दन्तीनाम् ॥६९॥

अनु०—अक्रूर नामक ग्रीष्म ऋतु के द्वारा मुझ जीवन (१-जल, २-प्राणभूत कृष्ण) के बलपूर्वक हर लिए जाने पर अविरलाकार (१-क्षीण आकार, २-दुर्बल शरीर) तथा अन्तर्विदार (१-जिन का अन्दर का भाग पानी न रहने के कारण चटख गया है, २-जिन गोपियों के हृदय विदीर्ण हो गये हैं) को प्राप्त करने वाली, सूखे हुए मुख कमलों वाली गोपियों रूप सरसियों के प्राणरूपी कछुए, आशा रूपी मृत्तिका में छिपकर रह रहे हैं। अर्थात् आशा के अवलम्बन से उनके प्राण बचे हुए हैं। (यहाँ रूपक अलङ्कार है) ॥६९॥

००००

तासां बद्धाञ्जलिरनुसरेरन्तिकं यन्त्रितात्मा
शंकाभिस्त्वं क्लमपरिणमद्विक्रियाणां प्रियाणाम् ।
दूत्यं कुर्व्वन्नसि गुणनिधे ! सापराधस्य यन्मे
भर्त्तुर्दोषादपि हि कुशला हन्त दूष्यन्ति भृत्याः ॥१००॥

टीका—तासां प्रियाणामन्तिकं बद्धाञ्जलिस्त्वं शंकाभिर्यन्त्रितः सन् अनुसरेः । सापराधस्य मम दूत्यं कर्त्तुं योग्योऽसि । भर्त्तुः दोषाद् भृत्या अपि दुष्टा भवन्ति । अतः स्वदोषपरिहारायापि एवं यतनीयम् ॥१००॥

अनु०—हे गुणनिधे ! चूँकि तुम मुझ अपराधी के दूत बनकर जा रहे हो । अतः दुःख से विकृत अंग प्रत्यंग वाली उन गोपियों के समीप शाप के भय से आत्मसंयत होकर तथा हाथ जोड़ कर पहुँचना । क्योंकि निपुण भृत्य भी स्वामी के दोष से दूषित होते हैं ॥१००॥

◇◇◇◇

मन्नेपथ्यस्तवकितमवद्वीक्षणेनाकुलानां
तुङ्गातङ्कोत्तरलितमनः कल्पनाजल्पभाजाम् ।
तिष्ठन्नासां पथि नयनयो निःशलाकं गतानां
सन्देशं मे लघु लघु सखे ! हारिणं व्याहरेथाः ॥१०१॥
(त्रिभिः कुलकम्)

टीका—मन्नेपथ्यस्तवकितस्य मद्वेशयुक्तस्य भवतो वीक्षणेनाकुलानामासां नयनयोः पथि तिष्ठन् सन् मम सन्देशं व्याहरेथाः । कीदृशीनामुच्चशंकया उत्तरलितं यन्मनस्तस्य कल्पनया जल्पानि भजन्ते । पुनश्च निःशलाकं व्यवधानाभावं गतानां प्राप्तानां, तथा च स्त्रीणां तथा स्वभावत्वात् परस्परालंसंयुक्तीभूय स्थितानामित्यर्थः ॥१०१॥

अनु०--हे मित्र ! मेरी वेषभूषा से अलंकृत तुमको देख कर आश्चर्य्य में पड़ी हुई, व्याकुलिता, महान् शंका के कारण चंचल बने हुए मन की कल्पना से परस्पर बातचीत करने वाली तथा दौड़कर तुम्हारे समीप आने वाली उन व्रजबालाओं के सामने निर्बाधरूप से ठहर कर मेरे मनोहारी सन्देश को तुम धीरे-धीरे कहना ॥१०१॥

यः कालिन्दीवनविहरणोद्दामकामः कलावान्
वन्दारण्यान्नरपतिपुरं गान्दिनीयेन नीतः ।
कुर्व्वन् दूत्यं प्रणयसचिवस्तस्य गोपेन्द्रसूनोः
देवीनां वः सपदि सविधं लब्धवानुद्धवोऽस्मि ॥१०२॥

टीका--तस्य गोपेन्द्रसूनो दूत्यं वो युष्माकं सविधं लब्धवानहमुद्धवोऽस्मि ॥१०२॥

अनु०--यमुना के वनों में विहार करने की उत्कट अभिलाषा वाले तथा चौंसठ कलाओं के अधिष्ठान जिन कृष्ण को अक्रूर व्रज से मथुरा ले गए हैं, उन्हीं का प्रणय सचिव मैं उनका दूत बन कर तुम्हारे समीप आया हूँ और मेरा नाम उद्धव है ॥१०२॥

तापोन्नद्धश्वसितपटलोद्दूयमानाधरश्रीः
मुक्तक्रीड़ो धवलिमधुराहिण्डिरत्नामगण्डः ।
स्मारं स्मारं गुणपरिचयं हन्त वः क्लान्तचेताः
सोऽयं कान्तः किमपि सरलाः सुन्दरं सन्दिदेश ॥१०३॥

टीका--वो युष्माकं गुणरूपकल्पवृक्षस्य परिमलं स्मारं स्मारं क्लान्तचेताः सोऽयं कान्तः किमपि सन्दिदेश सन्देशं कथितवान् । कथंभूतः

धवलितमधुरा श्वेतिमातिशयस्तद्युक्तो यो हिण्डिरः पयः फेनस्तदिव कृशं गण्डस्थलं यस्य ॥१०३॥

अनु०—हे सरल हृदय गोपाङ्गनाओ ! विरह ताप जनित दीर्घ निश्वासों से मलिन अधर कान्ति वाले, क्रीड़ाओं को छोड़ देने वाले, पयः फेन की तरह अत्यन्त धवल गण्डस्थल वाले, तुम्हारे गुण कल्पवृक्ष को स्मरण कर करके व्यथित चित्त वाले उन तुम्हारे कान्त श्रीकृष्ण ने कुछ सुन्दर संदेश भेजा है ॥१०३॥

००००

कच्चिद्भीतिं न भजत सुहृदानवेभ्यः पुरावत्
कल्याणं वः सरलहृदयाः ! कच्चिदुल्लालसीति ।
कच्चिद् यूयं स्मरथ सरसं तत्र चित्तानुकूलं
कुञ्जे कुञ्जे कृतमथ मया तच्च सेवाप्रपञ्चम् ॥१०४॥

टीका—वो युष्माकं कल्याणं उल्लालसीति ॥१०४॥

अनु०—हे सरलहृदया गोपसुन्दरियो ! तुम सब पहले के समान राक्षसों से कहीं भयभीत न होना ! तुम सब का मंगल तो अतिशय रूप से होता है न ! उन कुंजों में तुम्हारे चित्तानुकूल तथा रसमयी मेरे द्वारा की गईं उन सेवाओं का क्या तुम्हें स्मरण तो है ? ॥१०४॥

००००

नीतो यत्नाद्विविधविनयैर्बन्धनं बन्धुताभिः
कर्तुं भूयः किमपि कुशलं पत्तने वर्त्तमानः ।
ध्यायं ध्यायं नवनवमहं सौहृदं वः सुकन्याः !
गाढोत्कण्ठाकलमपरवशं वासराणि क्षिपामि ॥१०५॥

टीका—बन्धुलोकैः बन्धुसमूहैः भूयः पुनरपि किमपि कुशलं कर्त्तुं अहं बन्धनं नीतः, अतएव गाढोत्कण्ठक्लमपरवशं यथा स्यात्तथा "वासरान्हि क्षिपामि ॥१०५॥

अनु०—हे मञ्जुभाषिणी व्रजबालाओ ! माता-पिता आदि बन्धुओं ने यहाँ मुझे यत्नपूर्वक अनेक प्रकार के विनय से (प्रेम) बन्धन में डाल दिया है। फिर अपने सम्बन्धियों का कुछ हित साधन करने के लिए मैं नगर में ठहरा हुआ हूँ। परन्तु तुम सब के नित्य नवीन प्रणयको पुनः पुनः स्मरण करके अत्यन्त उत्कण्ठित होकर किसी प्रकार दिन काट रहा हूँ ॥१०५॥

◇◇◇◇

ज्ञातं ज्ञातं विरमतु चिरं त्वादृशीनां चरित्रं
याभ्यस्तीव्रा समजनि मनोभेदिनी वेदनेयम् ।
चक्रुर्वक्रं मयि किल तथा प्रेमपूरं भवत्यो
येनोद्भ्रान्तस्त्रुटिमपि बलादुत्सहे नाद्य नेतुम् ॥१०६॥

टीका—त्वादृशीनां चरित्रं मया ज्ञातं भूयो, विरमत याभ्यो भवतीभ्यः सकाशात् मम तीव्रवेदना समजनि । भवत्यस्तथा मयि प्रेमप्रवाहं चक्रुः येन प्रेमप्रवाहेन उद्भ्रान्तः सन् त्रुटिमपि कालं नेतुं न उत्सहे न शक्नोमि ॥१०६॥

अनु०—मैं आप सब के लोकातीत चरित्र को जानता हूँ, आप सब मुझे क्षमा कीजिए। आप सबने ही मेरे अन्दर यह अत्यन्त तीव्र मर्म विदारिणी वेदना पैदा की है। आप सब ने मेरे प्रति ऐसा वक्र प्रणय किया है कि जिसके कारण मैं विक्षिप्त चित्त हो रहा हूँ और मेरे लिए एक क्षण भी बिताना अत्यन्त कठिन हो रहा है। तात्पर्य यह है कि तुमने मेरे प्रति कुटिल-प्रेम किया है,

कुटिल प्रेम सर्वोपरि माना जाता है। जिस प्रेम में कुटिलता नहीं होती वह प्रेम अति सुख रूप नहीं होता ॥१०६॥



रासोल्लासान् निशि निशि चिरं स्वप्नवृन्दापदेशात्
वृन्दारण्ये सुभमिणि मया सार्द्धमास्वादयन्ते ।
भूयो भूयस्तदपि च परित्यागिनो दूषणं मे
शंसन्त्यः किं कुटिलहृदया ! न त्रपन्ते भवत्यः ॥१०७॥

टीका—ननु यद्यन्निशायां युष्माकं मया सह मिलनेन महती उत्कंठा समजनि तदाहं तत्तन्निशासु आविर्भूय भवद्भिः सह रासादिविलासान् करोमि, विलासानन्तरं मयि अन्तर्हिते सति भवद्भिस्तु तत्र सर्वं स्वप्नं मन्यते इत्येव युष्माकं दूषणमित्याह—रासेति स्वप्नवृन्दच्छलात् रासोल्लासान् मया सार्द्धं आस्वादयन्ति तथापि मम दूषणं शंसत्यो भवत्यो न त्रयन्ते ॥१०७॥

अनु०—हे कुटिल हृदय वाली व्रजबालाओ ! सौरभमय वृन्दावन में तुम सब स्वप्नों के व्याज से मेरे साथ रासक्रीड़ाओं का प्रत्येक रात्रि में बहुत समय तक रसास्वादन लेती हो । तो भी बार-बार "श्रीकृष्ण ने हम को छोड़ दिया" इस दोष से मुझे दूषित करती हो । क्या ऐसा कहते हुए तुम्हें लज्जा का अनुभव नहीं होता ? अर्थात् मैं अभिन्न रुप से तुम्हारे साथ रहता हूँ । तुम उसे स्वप्नादि समझ कर मुझे दोष देती हो, यह उचित नहीं है ॥१०७॥

ते ते चन्द्रावलि ! रसभरश्रान्तनेत्रान्तमैत्री-
वैचित्रीभिस्त्रिभुवनजये दत्तहस्तावलम्बाः ।

उत्सर्पन्तः स्मरणपदवीं हन्त ते भ्रूविलासाः
निःशङ्कं मे हृदयमधुना प्रांशवः स्रंसयन्ति ॥१०८॥

टीका—हे चन्द्रावलि ! तव प्रांशवः उच्चास्ते ते भ्रूविलासाः मम स्मरणपदवीं प्राप्नुवतः सन्तः मे हृदयं निःशङ्कं यथा स्यात्तथा स्रंसयति खण्डयति । विलासाः कथंभूताः रसातिशयेन भ्रमिं प्राप्तो यो नेत्रान्तस्तेन सह या मैत्री तस्या वैचित्र्योभिस्त्रिभुवनजयार्थं दत्तो हस्तावलम्बसाहार्य्यं यैस्यस्ते ॥१०८॥

अनु०—हे चन्द्रावलि ! प्रेमातिशयता से घूर्णित उच्चतर अपाङ्गों के माधुर्य्य से युक्त तुम्हारे जिन भ्रूविलासों, तीनों लोकों को जीतने का हस्त अवलम्बन (सहारा) प्राप्त था, हाय ! वे ही भ्रूविलास अब मेरे स्मृति पथ में आकर हृदय को मथ डालते हैं ॥१०८॥

००००

तत्तत्तन्वि ! स्मरसि विपिने फुल्लशाखे विशाखे !
कर्षन्नीवीं तव मुहुरहं वीक्ष्य वृद्धां मिलन्तीम् ।
कल्याणीं मे वितर कितवे ! हन्त चेलान्तराले
गुप्तां गुञ्जावलिमिति वदन् यद्विलक्षस्तदासम् ॥१०९॥

टीका—फुल्लाशा यत्र एवंभूते विपिने तव नीवीं कर्षन् अहं वृद्धां वीक्ष्य हे कितवे धूर्त्ते त्वया चेलाञ्चले गुप्तां मम गुञ्जावलीं वितर देहि इति वदन् तदा यत् विलक्षः विस्मयान्वित आसं अभवं एतत् किं स्मरसि ॥१०९॥

अनु०—हे कृशांगि ! विशाखे ! क्या तुम्हें वह सब याद है, जब एक बार मैंने विकसित वृक्षों वाले वन में बार-बार तुम्हारी वसन गाँठ को खींचते समय एक वृद्धा (तुम्हारी सास आदि) को आती हुई देख कर कहा था कि "हे धूर्त्ते ! अपने वस्त्रों में छिपाई

गई मेरी सुन्दर गुंजामाला को वापिस लौटाओ" और उस समय मेरा मुख विलक्ष (लज्जायुक्त) हो गया था ॥१०६॥

तां वैदग्धीपरिमलकथामुद्गिरन्ती सखीषु
क्लान्तिं दूरे क्षपयसि निजां हन्त धन्यासि धन्ये ! ।
ध्यायन्नाहं तमिह नगरे देवि ! लोकं विलोके
प्रीत्या यत्र व्यसनविधुरं व्यक्तमुन्मुद्रयामि ॥११०॥

टीका—वैदग्धीपरिमलविशिष्टां तां कथां सखीषु मध्ये उद्गीरन्ती त्वं निजां क्लान्तिं दूरे क्षपयसि अतएव धन्यासि । अहं तु इह नगरे तं लोकं न विलोके । व्यसनविधुरं दुःखेन क्लिष्टं वदनं उन्मुद्रयामि तथा च दुःखदूरीकरणार्थमुखग्रादानं कर्तुं न शक्नोमीत्यर्थं ॥११०॥

अनु० – हे देवि ! तुम चातुर्य्यपूर्ण उस कथा प्रसंग को अपनी सखियों से कह कर अपने विरह जनित संताप का परिहार कर लेती हो । वास्तव में तुम अत्यन्त पुण्यवती हो; परन्तु इस मथुरा नगरी में विचार करने पर भी मुझे ऐसा कोई स्थान नहीं दिखाई देता, जहाँ मैं अपने दुःख सन्ताप को प्रकट कर सकूँ ॥११०॥



गम्भीराणि प्रमदगुरुभिर्गूढनर्मप्रबन्धैः
माध्वीकानां मधुरिममहाकीर्त्ति-विध्वंसनानि ।
सोत्कण्ठं मे स्मरति हृदयं श्यामले ! कोमलानि
प्रेमोत्सृष्टस्मितपरिचितान्यद्य ते जल्पितानि ॥१११॥

टीका—हे श्यामले ! तव जल्पितानि मम सोत्कण्ठं हृदयं स्मरति, कथंभूतानि प्रमदेन हर्षेण गुरुभिः अत्युत्कृष्टैः गूढनर्मप्रबन्धैः गम्भीराणि ॥१११॥

अनु०—"हे श्यामांगि श्यामले ! उल्लास पूर्ण रहस्यमय नर्म कौतुकों के विस्तार से गंभीर, मधुओं की माधुर्य्यमयी कीर्त्ति का विध्वंस करने वाले, प्रेमपूर्ण मन्दस्मित से युक्त तुम्हारे उन मधुर आलापों को मेरा हृदय उत्कण्ठा के साथ आज भी स्मरण कर रहा है ॥१११॥

◇◇◇◇

पद्मे ! पद्मस्तुतमुखि ! लतासद्मनि छद्मनिद्रां
लब्धे लुब्धा मयि मुरलिकां हर्त्तुकामा त्वमासीः ।
धृत्वा पाणौ मुहुरथ मया कञ्चुकं मुञ्चता ते
यत्प्रारब्धं किमपि तदिदं स्वान्तमन्तः पिनष्टि ॥११२॥

टीका—पद्मैः स्तुतं मुखं यस्या तथाभूते, कपटनिद्रां मयि लब्धे सति कञ्चुकं लुञ्चता मया यत् किमपि प्रारब्धं अंतः स्वान्तं ममान्तःकरणं पिनष्टि ॥११२॥

अनु०—हे पद्म द्वारा प्रशंसित मुखवाली पद्मे ! एकबार मैं लता-गृह में कपटनिद्रा में लेटा हुआ था, उस समय तुमने लोभ में पड़ कर मेरी मुरली चुराने का यत्न किया। उसके बाद मैंने तुम्हारे दोनों हाथों को पकड़ कर कंचुली को खींचते हुए जो जो आचरण किये वे सब अब हृदय को पीस रहे हैं। अर्थात् उन बातों को स्मरण करके अब मेरा हृदय विदीर्ण हो रहा है ॥११२॥

◇◇◇◇

न्यस्ताङ्गो मे सुरभिणि भुजस्तम्भयोरन्तराले
भूयोभिस्त्वं रहसि ललिते ! केलिभिर्लालितासि ।
अन्तश्चिन्ताविधुरमधुना पांशुपुञ्जे लुठन्ती
हन्त म्लाना रचयसि कथं प्राणसन्धारणानि ॥११३॥

टीका—मम भुजस्तम्भयो र्मध्ये न्यस्ताङ्गी त्वं रहसि बहुभिः सम्भोगादिकेलिभि र्लालितासि । अधुना अन्तश्चिन्तया बिधुरं दुःखितं यथा स्यात्तथा लुठंती सती कथञ्चित् प्राणधारणानि करोसि ॥११३॥

अनु०—हे ललिते ! एकान्त में मेरे सौरभपूर्ण वक्ष पर लेटने वाली तुम्हारा अनेक क्रीड़ा सुखों द्वारा लालन हुआ है । हाय ! अब तुम मेरे विरह में आन्तरिक पीड़ा से दुःखी होकर धूलि में लोटती हुई तथा म्लान बनी हुई किस प्रकार प्राणों को धारण किए हुए हो ? ॥११३॥

यः सेवाभिर्मुदमुदयिनीं तत्र भद्राङ्गि ! भद्रे !
नीतस्ताभिर्निशि निशि मनः कर्षिणीभिस्त्वयासीत् ।
स प्रेष्ठस्ते नवपरिचयादिङ्गितस्यानभिज्ञैः
कृष्णस्तूष्णीं पुरपरिजनैः सेव्यमानो दुनोति ॥११४॥

टीका—मनः कर्षिणीभिः सेवाभिर्यस्त्वया सह उदयिनीं मुदं नीतः प्राप्त आसीत् स तव प्रेष्ठः कृष्णः तूष्णीं यथा स्यात्तथा पुरपरिजनैः सेव्यमानः सन् दुनोति ॥११४॥

अनु०—हे चार्वङ्गि ! भद्रे ! उस वृन्दावन में तुमने मनको आकर्षित करने वाली सेवाओं द्वारा जिस कृष्ण को प्रत्येक रात्रि में अत्यन्त उल्लसित किया था वही तुम्हारा प्रियतम नवीन परिचय होने के कारण उसके हृदय के भावों को न जानने वाले नगर के परिजनों द्वारा चुपचाप सेवा किया जा रहा है और अत्यन्त पीड़ित है ॥११४॥

सोढव्यं ते कथमपि बलाच्चक्षुषी मुद्रयित्वा
तीव्रोत्तापं हृतमनसिजोद्दामविक्रान्तचक्रम् ।

द्वित्रैरेव प्रियसखि ! दिनैः सेव्यतां देवि ! शैव्ये !
यास्यामि त्वत्प्रणयचटुलभ्रूयुगाड़म्बराणाम् ॥११५॥

टीका—अहं द्वित्रैरिव दिनैः त्वत् प्रणयचटुलभ्रूयुगाडम्बराणां सेव्यतां यास्यामि ॥११५॥

हे शैव्या-देवि ! तुम किसी भी प्रकार नेत्र मूँद कर दुर्द्धान्त काम के तीव्र सन्ताप कारी पराक्रम को सहन कर ले जाना। हे प्रिय-सखि ! दो तीन दिन में ही मैं तुम्हारे प्रणय चंचल भ्रू विलासो की सेवा में उपस्थित होऊँगा ॥११५॥

००००

इत्थं तासामनुनयकलापेशलः क्लेशहारी
सन्देशं मे कुवलयदृशां कर्णपूरं विधाय ।
त्वं मच्चेतो भवनबड़भी-प्रौढ़पारावतीं तां
राधामन्तःक्लमकवलितां सम्भ्रमेणाजिहीथाः ॥११६॥

टीका—पेशलश्चतुरः मम सन्देशं कर्णपूरं कर्णभूषणं विधाय मदीय-चित्तरूपभवनस्य अटालि इति प्रसिद्धा या वडभी तत्र स्थितां प्रौढ़पा-रावतीस्वरूपां राधां आजिहीथा आगच्छेः ॥११६॥

अनु०—इस प्रकार उन गोपियों को प्रसन्न करने की कला में चतुर तथा उनके संतापों को दूर करने वाले तुम मेरे सन्देश को उन नीलोत्पलनयना व्रजयुवतियों के कर्णपूर अर्थात् उनसे कहे कर मेरे चित्त रूपी भवन बड़भी (अटाली) की प्रगल्भ कपोती तथा आ-न्तरिक सन्ताप से अभिभूत उस राधा के समीप आदर के साथ जाना ॥११६॥

००००

सा पल्यङ्के किशलयदलैः कल्पिते तत्र सुप्ता
गुप्ता नीलस्तवकितदृशां चक्रवालैः सखीनाम् ।
द्रष्टव्या ते क्रशिमकलिताकण्ठनालोपकण्ठ-
स्पन्देनान्तर्वपुरनुमितप्राणसङ्गा वराङ्गी ॥११७॥

टीका—नीरेण जलेन स्तवकिता युक्ता दृक् यासां सखीनां चक्रवालैःमण्डलै गुप्ता कण्ठनालस्य समीपस्थितस्पन्देन हेतुना अन्तर्वपुः शरीरमध्ये अनुमितः प्राणसंगो यस्याः सा ॥११७॥

अनु०—वहाँ किसलय रचित पर्यङ्क पर सोई हुई, अश्रुप्लुत नेत्रों वाली सखियों द्वारा सेवा की जाती हुई तथा अत्यन्त दुर्बल कंठ नाल में स्पन्दन की विद्यमानता से इसके शरीर में प्राणवायु है ऐसा अनुमान की जाती हुई वरांगी राधिका तुम्हें दिखाई देगी॥११७॥

०००

सख्युर्लक्ष्मीमुखि मतमुरीकृत्य दूरीभविष्णोः
धत्ते प्राणाननुपदविपद्विद्रुचित्तापि साध्वी ।
मुक्तच्छाया मुहुरसुमनाः क्षौणिपृष्ठे लुठन्ती
बद्धापेक्षं विलसति गते माधवे माधवीयम् ॥११८॥

टीका—माधवे वसन्ते गते इयं माधवी राधिका, हे लक्ष्मीमुखि दूरीभविष्णोः सख्यु मम मतमुररीकृत्य अनुपदं प्रतिक्षणं विपद्विद्रुचित्ता सती प्राणान् धत्ते ,कृच्छ्रापेक्षं छाया कान्तिः,न विद्यते शोभनमनो यस्याः॥११८॥

अनु०—वह साध्वी माधव (वसन्त) के चले जाने पर माधवी लता की भाँति पश्चान्तर में माधव (सखा श्रीहरि) मेरे दूर चले आने पर माधवी राधा प्रतिक्षण विपदाक्रान्त चित्ता होकर प्राणों को किसी प्रकार धारण कर रही है और मुक्तच्छाया अर्थात् छाया

रहित (असहाया) (कृष्णपक्ष में-कान्तिरहित) बढ़ापेक्ष, अशोभन मन वाली वह पृथ्वीपर लेट रही है ॥११८॥

मालां मैत्रीविदुर ! मदुरः सङ्गसौरभ्यसभ्यां
वासन्तीभिर्विरचितमुखीं पञ्चवर्णां गृहाण ।
आरूढायाः परिणतिदशां तादृशीं सारसाक्ष्याः
साक्षादेतत्परिमलमृते कः प्रबोधे समर्थः ॥११९॥

टीका—हे मैत्रीविदुर मैत्र्या ज्ञात "विद ज्ञाने", मद्वक्षः स्थलसंगसौरभ्यस्य सभ्यां सभ्यतया आस्वादिकां मालां गृहाण, तादृशीं परिणतिदशामारूढायास्तस्याः प्रबोधे एतत्परिमलं विना कः समर्थः ॥११९॥

अनु०—हे सौहृदय अभिज्ञ ! मेरे वक्षःस्थल के संसर्ग से सौरभमयी, नवमल्लिका के फूलों से गूँथी गई तथा पाँच वर्ण वाली इस माला को तुम ग्रहण करो। साक्षात् इस माला की सुगन्धि के अलावा और कौन वस्तु हो सकती है जो उस कमलनयना को होश में ला सके जो इस चरमदशा को पहुँच गई है ॥११९॥

माल्यामोदव्यतिकरबहिर्बोधितायाः सवाष्पं
नेत्रद्वन्द्वं दिशि दिशि मुहुर्विक्षिपन्त्या विलक्ष्यम् ।
तस्याः प्रोद्यत्पुलककलिकादन्तुरायाः पुरस्तात्
मन्दं मन्दं विनयमसृणस्त्वं विनम्रो जिहीथाः ॥१२०॥

टीका—माल्यस्यामोदसमूहे बहिर्बोधितायास्तस्या अग्रे विनयेन मसृणः कोमलः सन् जिहीथाः,कोदृश्याः विलक्ष्यं विस्मयान्वितं नेत्रद्वन्द्वं दिशि दिशि विक्षिपन्त्याः प्रोद्यत् पुलकरूपकलिकया दन्तुरायाः मुकुलितायाः इति पूर्ववसितार्थः ॥१२०॥

अनु०—माला के आमोद से होश में आकर अश्रु पूर्ण अपने दोनों नेत्रों से बार बार इधर उधर देखती हुई तथा पुलकांचित शरीर-वाली उस राधिका के सामने तुम विनय पूर्वक अवनत होकर धीरे धीरे जाना ॥१२०॥

००००

धृत्वा मालां किशलयततेरञ्चले न्यञ्चदङ्गो
भ्रू संज्ञाभिः सपदि सचिवीकृत्य तस्या वयस्याः ।
दूत्यं स्वस्य प्रणयहृदयस्त्वं निवेद्यानवद्यं
धीमन् ! सद्यो मम कथयितुं वाचिकं प्रक्रमेथाः ॥१२१॥

टीका—किशलयततेरञ्चले मालां धृत्वा न्यञ्चदंगः संकुचदङ्गः सन् स्वस्य दूत्यं निवेद्य वयस्याः ललिताद्याः सखीः ॥१२१॥

अनु०—हे प्राज्ञ ! माला को हाथ में लेकर किशलयशय्या के समीप बैठे हुए प्रेमपूर्ण हृदय वाले तुम भ्रू संज्ञा द्वारा शीघ्र ही उसकी सखियों को सहायक बनाकर अपने पवित्र दूत कर्म को निवेदन करना। उसके पश्चात् तुरन्त ही मेरे संदेश को भी कहने का उपक्रम करना ॥१२१॥

००००

यः सर्वस्माच्च किल गुरुस्त्वञ्च यस्यासि धीरे !
प्राणेभ्यस्त्वं प्रणयवसति र्यस्य यः स्याच्चापि ।
स त्वां धृत्वा मनसि विधुरे हन्त सन्धुक्षमाणः
कृष्णस्तृष्णाचटुलचटुलं देवि ! सन्देदिशीति ॥१२२॥

टीका—यस्तव सर्वस्मात् प्राणादेः सकाशात् गुरुः प्रेमास्पदत्वेन श्रेष्ठः, एवं त्वं च यस्य सर्वस्मात् गुरुरसि स श्रीकृष्णः विधुरे विलष्टे मनसि त्वां धृत्वा संधुक्षमाणः जीवन् सन् तृष्णापटलेन चञ्चलं यथा स्यात्तथा संदेदिशीति पुनः पुनः सन्देशं कथयति ॥१२२॥

अनु०—हे धीरे ! जो तुम्हें अपने सभी गुरुजनों की अपेक्षा अधिक पूज्य है, और उसी प्रकार तुम भी जिसकी पूज्यतमा हो, जो तुम्हें अपने प्राणों से भी अधिक प्रिय है तथा वह भी तुम्हें अपने प्राणों से अधिक प्यार करता है, हे देवि ! विरह ज्वाला में जलते हुए उन्हीं कृष्ण ने अपने कातरमन में तुम्हें धारण करके लालसा से अत्यन्त चंचल होकर बार बार यह सन्देश भेजा है ॥१२२॥

नीते शोषं विरहरविणा सर्वतो हृद्वाङ्गे
जाने कण्ठस्थलविलुठितप्राणमीनासि तन्वि !
दूरे सम्प्रत्यविरलसुहृन्मारुतै र्वारितोऽहं
तृष्णाम्भोधौ विलसदमृतालंकृतः किं करिष्ये ॥१२३॥

टीका—अविरलसुहृत् निविडसुहृद्वसुदेवाक्रूरादिः तद्रूपैर्मारुतै दूरे वारितो प्रापितोऽहं कृष्णरूपो मेघः अधुना किं करिष्ये 'धावु गति शुद्धयो.' मेघपक्षे विलसदमृतेन जलेनालंकृतः, कृष्णपक्षे विलसन्माधुर्य्यादिरूपामृतेनालंकृतः ॥१२३॥

अनु—हे तन्वि ! विरह सूर्य्य के द्वारा तुम्हारे हृदय रूपी सरोवर के सब ओर से सुखा दिए जाने पर, मैं यह अच्छी तरह जानता हूँ कि, तुम्हारे प्राणमीन कंठस्थल पर तडप रहे हैं अर्थात् तुम कंठगतप्राणा हो रही हो। इधर मुझे इस समय प्रेम रखने वाले वसुदेव, अक्रूरादि अनेक बन्धुओं रूपी हवाओं ने बहुत दूर रोक लिया है। मैं इस समय तृष्णारूपी समुद्र में जलतरंगावलि में डूब गया हूँ और यह समझ नहीं पड़ता कि क्या करूं ? ॥१२३॥

नाथं स्वप्नो निशि निशि भवेद् यत् त्वया सङ्गतिर्मे
पश्याम्येदं बिधुमुखि ! निराबाधमास्वादयामि ।
किन्तु ज्ञातं त्वयि बिजयते काविदाकृष्टिविद्या
यां शंसन्ती हरसि तरसा मामदूराद् यदूनाम् ॥१२४॥

टीका—हे सुमुखि ! तव संगजन्यं निराबाधमामोदं अहमास्वादयामि, त्वमपि कथं नास्वादयसि इत्येव मन खेदः, किन्तु ज्ञातं काकृष्टिविद्या त्वयि विजयते यां विद्यां शंसन्ती पठन्ती त्वं मां यदूनां अदूरात् निकटात् वेगेन हरसि ॥१२४॥

अनु०—हे चन्द्रवदने ! जो प्रत्येक रात्रि में तुम्हारा और मेरा मिलन होता है उसे तुम स्वप्न न मानना; क्योंकि, देखो, मैं यहाँ तुम्हारी सुगन्धि का अनवरत गति से आस्वादन किया करता हूँ अथवा (दूसरे अर्थ में) हे चन्द्रवदने ! मुझे तुम्हारी विरहवेदना से रात्रि में नींद तक नहीं आती जिससे कि स्वप्न में ही तुम्हारा और मेरा मिलन हो सके और इस प्रकार मैं निरन्तर रूप से सन्ताप का अनुभव किया करता हूँ । किन्तु तुम्हारे अन्दर आकृष्ट करने की कोई विद्या है, यह मैं अच्छी तरह जानता हूँ । उस विद्या का जप करती हुई तुम मुझे बलपूर्वक यदुवंशियों के पास से अपनी ओर आकर्षित करती रहती हो ॥१२४॥

लब्धान्दोलः प्रणयरभसादेष ताम्रोष्ठि ! नम्रः
प्रम्लायन्तीं किमपि भवतीं याचते नन्दसूनुः ।
प्रेमोद्दामप्रमदपदवीसाक्षिणीशैलकुञ्जे
द्रष्टव्या ते कथमपि न सा माधवी कुञ्जवीथी ॥१२५॥

टीका—हे ताम्रोष्ठि ! प्रणयवेगाद् लब्धान्दोला प्राप्तचाञ्चल्यः एष नन्दसूनुः नम्रः सन् किमपि याचते ॥१२५॥

अनु०—हे रक्तोष्टि ! प्रणय के वेग के कारण आन्दोलित चित्त वाला, यह नन्दनन्दन नम्र होकर अत्यन्त मुरझाती हुई तुम से कुछ प्रार्थना करता है। पर्वत कुञ्ज में जो वह वासन्तीलता की कुञ्ज-वीथी है तथा जिसने हमारे प्रेम के उद्दाम विलास का साक्षात्कार किया है, उसे तुम किसी प्रकार भी न देखना तात्पर्य यह है कि उसके देखने से प्रणय स्मृति जागृत होने पर तुम्हें अत्यन्त पीड़ा होगी, अतः उसे न देखने का मेरा आग्रह है ॥१२५॥



विन्दन् वंशीस्फुरितवदनो नेत्रवीथीमकस्मात्
अन्तर्बाधाकवलितधियो धातुभिर्धूमलोऽहम् ।
क्रीड़ाकुञ्जे लुठितवपुषः श्रान्तमानन्दधारा-
कल्लोलैस्ते रहसि सहसोत्फुल्लमुल्लासयिष्ये ॥१२६॥

टीका—अन्तर्बाधाकवलितधियस्तव अकस्मान्नेत्रवीथीं विंदन् सन् धातुभिर्गैरिकाद्यै र्धूमलः कृष्णलोहितोऽहं तव स्वान्तं उल्लासयिष्ये।१२६

अनु०—गैरिकादि धातुओं से कृष्णलोहित (धूमलित) शरीर वाला तथा वेणु का मधुर स्वर करता हुआ मैं अकस्मात् तुम्हारे दृष्टिपथ में आकर आन्तरिक सन्ताप के कारण लुप्त-संज्ञा वाली तथा क्रीड़ाकुञ्ज के अन्दर लोटने वाली तुम्हारे अवसन्न अंगों को आनन्दधाराओं की तरंगों से एकाएक उस निर्जन स्थान में उल्लसित करूँगा ॥१२६॥



प्रेमोन्नाहादहमधिबहन् बाष्पधारामकाण्डे
गण्डोत्सङ्गे स्मरपरिभवैः पाण्डुरे दत्तचुम्बः ।
कुर्व्वन्कण्ठग्रहविलसितं नन्दयिष्यामि सत्यं
सान्द्रेण त्वां सहचरि ! परिष्वङ्गरङ्गोत्सवेन ॥१२७॥

टीका—प्रेम्णः उन्नाहात् प्राचुर्य्यात् बाष्पधारामभिवहन् अकाण्डे अनवसरे तव गण्डोत्सङ्गं दत्तचुम्बः ॥१२८॥

अनु०—हे सहचरि ! मैं प्रेम की अतिशयिता के कारण सहसा आँसुओं की धारा बहता हुआ, काम के उद्रेक से पीले पड़े हुए तुम्हारे गण्डदेश को चूमता हुआ निश्चय ही उस निर्जन स्थान पर तुमको गाढ आलिंगन रसोल्लास से आनन्दित करूँगा॥१२७।

इत्थं तीव्रव्यसनजलधेः पारसीमामिवासां
सन्देशैर्मे धृतगरिमभिर्दर्शयन् दूरदर्शी ।
भूयः कुर्वन् कुवलयदृशां तत्र चित्तानुकूलं
कालं कञ्चित् त्वमतुलमते ! गोकुलान्तर्नयेथाः ॥१२८॥

टीका—इत्थं अनेन प्रकारेण आसां तीव्रदुःखरूपजलधेः पारस्य सीमां दर्शयन् दूरदर्शी दीर्घदर्शी अतिविज्ञस्त्वमित्यर्थः । हे अतुलमते ! ॥१२८॥

अनु०—हे दीर्घदर्शी महाप्राज्ञ (अतुल बुद्धि वाला) उद्धव ! इस प्रकार मेरे गरिमामय सन्देशों से इन गोपाङ्गनाओं को उस अपार दुःख समुद्र की पार सीमा दिखाना तथा फिर उन कमलाक्षियों के मन को प्रसन्न करते हुए गोकुल में कुछ काल निवास करना ॥१२८॥

गोपेन्द्रस्य व्रजभुवि सखे ! केवलं यात्रया ते
नार्थः सिध्येन्मम बहुमतः किन्तु बाढं तवैव ।
प्रेमोल्लासं परिकलयता गोपसीमन्तिनीनां
स्मर्त्तव्या मे सपदि भवता भारतीसारतेयम् ॥१२९॥

टीका—हे सखे ! व्रजभुवि ते यात्रया ममैव बहुमतोऽर्थः केवलं न सिद्ध्येत् किन्तु बाढं अतिशयेन तवापि सिद्ध्येत् । प्रेमोल्लासं परिकलयता भवता मम इयं भारती सारता वाक्यसारत्वं सपदि तत्क्षणे स्मर्त्तव्या ॥१२९॥

अनु०—हे सखे ! नन्द की उस व्रजभूमी की यात्रा से केवल मेरा ही स्वार्थ सिद्ध होगा ऐसी बात नहीं है, इससे तो तुम्हारी भी अत्यन्त स्वार्थसिद्धि होगी। वहाँ उन गोपांगनाओं के प्रेमोल्लास को देखने वाले आपको मेरी इस वाणी की सारवत्ता तुरन्त ही स्मरण हो आवेगी अर्थात् उनके प्रेमोल्लासों के दर्शन से तुम अत्यन्त चरितार्थ होगे ॥१२९॥

गोष्ठक्रीड़ोल्लसितमनसो निर्व्यलीकानुरागात्
कुर्व्वाणस्य प्रथितमथुरामण्डले ताण्डवानि।
भूयो रूपाश्रयपदसरोजन्मनः स्वामिनोऽयं
तस्योद्दामं वहतु हृदयानन्दपूरं प्रबन्धः ॥१३०॥

इत्युद्धवसन्देशास्यप्रबन्धः
समाप्तः।

टीका—स्वामिनः श्रीसनातनगोस्वामिनः श्रीकृष्णस्य च आनन्दपूरं वहतु। रूपस्य मम आश्रणीयं पदकमलं यस्य, कृष्णपक्षे रूपस्य सौन्दर्य्यस्य आश्रणीयम्। अन्यत्समानम् ॥१३०॥

समाप्ता चेयमुद्धवसन्देशटीका।

अनु०—यह प्रबन्ध, निष्कपट प्रणय से गोष्ठ के अन्दर की जाती हुई क्रीड़ा से उल्लासमय मन वाले, प्रसिद्ध मथुरामंडल में नृत्य करने वाले, प्रचुर रूप शोभा के आधार चरण कमल वाले स्वामी श्रीकृष्ण के हृदय को अत्यधिक आनन्द से आप्लावित करदे। पक्षान्तर में—यह प्रबन्ध निष्कपट प्रणय से गोष्ठ के अन्दर की हुई क्रीड़ा से उल्लसित मन वाले, प्रसिद्ध मथुरामण्डल में नृत्यशील, (विराजमान) रूप नाम से प्रसिद्ध मेरे आश्रय स्वरूप चरणकमल वाले अग्रज, स्वामी (श्रीसनातन गोस्वामी) के हृदय को अत्यन्त आनन्द से आप्लावित करदे ॥१३०॥

सानुवाद संस्कृत भाषा में—

विधिः	(संगृहीत)	।)
पुटः	(श्रीविश्वनाथचक्रवर्त्तीकृत)	।)
सतरङ्गिणी	(श्रीनारायणभट्टजीकृता)	१)
नशतक	(श्रीविष्णुस्वामी संप्रदायाचार्य श्रीकेशवाचार्य कृत)	।)
चन्द्रामृत और सङ्गीतमाधव	(श्रीप्रबोधानन्द-सरस्वतीजी कृत)	१।)
क्रियापद्धतिः	(संगृहीत)	॥=)
कविलासः	(श्रीनारायणभट्टजी कृतः)	२॥)
रहस्यस्तवः	(श्रीमद्रूपगोस्वामी कृत)	
मुग्रन्थावली	(श्रीमन्महाप्रभुमुखपद्मविनिर्गता)	।-)
मङ्गलस्तोत्रं	(श्रीमद्रूपगोस्वामिजीकृत)	।(=)
	(श्रीहरिरामव्यासजी कृत)	=)।
वेन्द्रभाष्यं	(श्रीपादबलदेवजी कृत)	४॥)
नपञ्चकम्		१॥)
लीलास्तवः	(श्रीपादसनातनगोस्वामि कृतः)	
कृष्णगणोद्देशदीपिका	(श्री श्रीरूपगोस्वामिजी कृता)	
ष्णोद्देशदीपिका	(श्रीकविकर्णपूरजी कृता)	
त्नास्तवः	(श्रीश्रीरघुनाथदासगोस्वामिजी कृत)	
त्पकल्पद्रुमः	(श्रीविश्वनाथ चक्रवर्त्तीजी कृत)	
सन्नाम्नाख्याष्टकम्		(सञ्चित)
ष्टकम्	(सञ्चित)	॥)
द्वैतभट्टग्रन्थावली		
मत्रयम् अथवा ग्रन्थरत्नत्रकम्		
पणभट्टचरितामृतम्	(श्रीजानकीप्रसाद गोस्वामिकृत)	॥)
देशः	(श्रीमद्रूपगोस्वामिविरचितः)	।=)
	(श्रीमद्रूपगोस्वामिविरचितः)	

गौड़ीयग्रन्थगौरवः-

ब्रजभाषा में प्रकाशित प्राचीन पुस्तकें-

१. गदाधरभट्टजी की वाणी
२. सूरदासमदनमोहनजी की वाणी
३. माधुरीवाणी (माधुरीजी कृता)
४. बल्लभरसिकजी की वाणी
५. गीतगोविन्दपद (श्रीरामरायजी कृत)
६. गीतगोविन्द (रसजानिवैष्णवदासजी कृत)
७. हरिलीला (ब्रह्मगोपालजी कृता)
८. श्रीचैतन्यचरितामृत (श्रीसुबलश्यामजी कृत)
९. वैष्णववन्दना (भक्तनामावली) (वृन्दावनदासजी कृता)
१०. विलापकुसुमाञ्जलि (वृन्दावनदासजी कृता)
११. प्रेमभक्तिचन्द्रिका (वृन्दावनदासजी कृता)
१२. प्रियादासजी की ग्रन्थावली
१३. गौराङ्गभूषणमञ्जावली (गौरमनदासजी कृता)
१४. राधारसखरससागर (मनोहरजी कृता)
१५. श्रीरामहरिग्रन्थावली (श्रीरामहरिजी कृता)
१६. भाषाभागवत (दशम, एकादश, द्वादश) (श्रीरसजानि-वैष्णवदासजी कृत
१७. श्रीनरोत्तमठाकुरमहाशय की प्रार्थना
१८. संप्रदायबोधनी (कविवरमनोहरजीकृता)

पुस्तक मिलने का पता-

(१) मोतीराम गुप्ता, भगवान भजन आ
बल्लीगंज, (वृन्द

मुद्रक—रमनलाल बंसल, पुष्पराज प्रेस, मथुरा